संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 26 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा-2022 की टॉपर इशिता किशोर और 03 अन्य सफल अभ्यर्थियों से को सम्मानित किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 173 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# पीएम मोदी को मिस्र का सर्वोच्च राजकीय सम्मान

## प्रेसिडेंट अल-सीसी ने ऑर्डर ऑफ नाइल से सम्मानित किया, 11वीं सदी की मस्जिद भी पहुंचे पीएम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्र की हेलियोपोलिस वार मेमोरियल भी भी गए और पुष्पांजलि अर्पित की।

**सम्मान**

**8 मोदी ने अल-हाकिम मस्जिद का दौरा किया। भारत के बोहरा समुदाय की सहायता से दोबारा बनाया गया ह**

**टीम एक्शन इंडिया/काहिरा**

**2 दिन** के दौरे पर मिस्र पहुंचे पीएम मोदी ने राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात की। सीसी ने उन्हें मिस्र के सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ऑर्डर ऑफ नाइल' से सम्मानित किया। इसके पहले मोदी ने 11वीं सदी की अल-हाकिम मस्जिद का दौरा किया। इसे भारत के बोहरा समुदाय की सहायता से दोबारा बनाया गया है।

प्रधानमंत्री हेलियोपोलिस स्मारक भी गए। यहां उन्होंने पहले विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। यह स्मारक राष्ट्रमंडल ने बनवाया है। यह उन 3,799 भारतीय सैनिकों को समर्पित है, जिन्होंने इजिप्ट में प्रथम विश्व युद्ध के में अपनी जान गंवा दी थी।



### क्या है ऑर्डर ऑफ नाइल...


**इजिप्ट** में इसे 'किलादात अल नाइल'कहा जाता है। 1915 में इसकी शुरूआत सुल्तान हुसैन कामिल ने की थी। यह अवॉर्ड उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने देश सेवा में अहम योगदान दिया हो। 1953 में मिस्र गणतंत्र बना और इसके बाद ऑर्डर ऑफ नाइल को देश के सर्वोच्च सम्मान का दर्जा दिया गया। इसमें जो नाइल शब्द है, वो दरअसल नील नदी से जुड़ा है। इस अवॉर्ड की चार कैटेगरीज हैं।

### 26 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का दौरा

**मिस्र** की जियोग्राफिक और स्ट्रैटेजिक लोकेशन सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए कई मायनों में बेहद अहम है। 1997 के बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री इजिप्ट दौरे पर पहुंचा है। सऊदी अरब के अखबार द नेशनल से बातचीत में पूर्व डिप्लोमैट अनिल त्रिगुणायत ने कहा- मोदी का यह दौरा भारत और इजिप्ट के करीबी रिश्तों को दिखाता है। अब



तक इजिप्ट का लगभग हर प्रेसिडेंट भारत दौरे पर गया है। अनिल लीबिया और जॉर्डन में भारत के ऐंबेसडर रह चुके हैं। अनिल कहते हैं- इजिप्ट भारत को बहुत अहमियत दे रहा है। अफ्रीका में यह सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। भारत के लिए भी इजिप्ट अहम है। अच्छी बात ये है कि दोनों देशों के लोगों के बीच भी बहुत करीबी रिश्ते रहे हैं। भारत की आजादी के बाद से ही दोनों देश किसी न किसी तौर पर जुड़े रहे हैं। इजिप्ट भारत के साथ डिफेंस और टेक्नोलॉजी सेक्टर में ट्रेड पर फोकस कर रहा है।



### मोदी को इजिप्ट के पीएम ने रिसीव किया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दो दिन के दौरे पर इजिप्ट पहुंचे। मोदी को एयरपोर्ट पर वहां के प्रधानमंत्री ने रिसीव किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। 1997 के बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री मिस्र पहुंचा है। मोदी यहां भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की। मिस्र में भारत के एंबेसडर अजीत गुप्ते ने कहा कि भारत और मिस्र के व्यापारिक संबंध चार हजार साल पुराने हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा से संबंध और मजबूत होंगे। काहिरा के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान वंदेमातरम और मोदी-मोदी के नारे भी लगे। साड़ी पहन मिस्र की एक महिला जेना ने मोदी को फिल्म शोले का गीत ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे... गाकर सुनाया। मोदी ने तब आश्चर्य हुआ जब महिला ने बताया कि वह बहुत कम हिंदी जानती है।

## मणिपुर में भीड़ ने प्रतिबंधित-ग्रुप के 12 लोगों को छुड़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** में हिंसा से निपटना सुरक्षाबलों के लिए कठिन हो रहा है। एक और उपद्रवी तत्व हिंसा फैलाने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर कानून के अनुसार कार्रवाई करने की राह में सुरक्षाबलों को अनेक रुकावटें आ रही हैं। सुरक्षा सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय महिला संगठन जवानों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा कर प्रदर्शन कर रही हैं। महिलाओं का आरोप है कि इंफाल पूर्व के कांग्लातोंबी इलाके की महिलाओं ने कांग्लातोंबी बाजार बोर्ड की महिलाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार किया।

# योगी ने गौतमबुद्धनगर को दी सौगात



**टीम एक्शन इंडिया/गौतमबुद्धनगर**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रवि**वार को गौतमबुद्धनगर जिले में 1719 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 124 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं नोएडा और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री ने नोएडा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान आपातकाल की 48वीं बरसी पर 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर तैयार हो रहे विपक्षी गठजोड़ पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जेपी और लोहिया के नाम पर राजनीति करने वाले लोग लोकतंत्र की हत्या करने वाली कांग्रेस के साथ हैं। योगी ने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1975 में कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि

**विकास कार्य**

**8 1719 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात, कुल 124 परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। वहीं भारत से अलग होने वाला पाकिस्तान एक-एक रोटी के लिए मोहताज है। अपने कृत्यों के कारण बहुत ही जल्द उत्तर प्रदेश के माफिया की तरह पाकिस्तान भी ठंडा हो जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने जनता की सुरक्षा के लिए नोएडा पुलिस को 15 नए बोलेरो वाहन सौंपे।

म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर सांकेतिक तौर पर एमओयू मसौदे का हस्तांतरण किया गया।

# संघ के मुखपत्र में इंदिरा गांधी की तुलना हिटलर से




**निशाना साधा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश में** 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी। इमरजेंसी के 48 साल पूरे होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) की पत्रिका पांचजन्य ने इंदिरा गांधी की तुलना जर्मनी के तानाशाह हिटलर से की है। पांचजन्य पत्रिका ने अपने नए अंक के कवर पेज पर हिटलर और इंदिरा गांधी की तस्वीर लगाई है और इसे 'हिटलर गांधी' का नाम दिया है। पत्रिका ने लिखा है- दो तानाशाह, एक जैसी इबारत। पत्रिका ने लिखा- हिटलर के जघन्य अपराधों को नकारने अथवा भुलाने पर यूरोप में कई जगह कानूनी पाबंदी है। यह उनके लिए अस्तित्व की रक्षा का प्रश्न है। यही स्थिति भारत में इंदिरा गांधी के लगाए आपातकाल की है, जिसे भुलाना लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए खतरनाक हो सकता है। आइए, याद करें 25 जून 1975 की काली रात से शुरू हुई वह दास्तान...।

### इतिहास में भुलाए जाने वाला समयः मोदी

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर लिखा- मैं उन सभी साहसी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और हमारी लोकतांत्रिक भावना को मजबूत करने के लिए काम किया। नड्डा ने लिखा- 25 जून 1975 को एक परिवार ने अपने तानाशाही प्रवृति के कारण देश के महान लोकतंत्र की हत्या कर आपातकाल जैसा कलंक थोपा था। जिसकी निर्दयता ने सैकड़ों वर्षों के विदेशी शासन के अत्याचार को भी पीछे छोड़ दिया।

## 'सेना ने मस्जिद में जय-श्रीराम के नारे लगवाए'

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**जम्मू-कश्मीर** की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने सेना के जवानों पर मुस्लिमों से जय श्री राम के नारे लगवाने का आरोप लगाया है। महबूबा ने शनिवार को एक ट्वीट करके कहा- 50 बटालियन के जवान पुलवामा की एक मस्जिद में घुसे और मुस्लिम लोगों से जबरदस्ती नारे लगवाए। उन्होंने लिखा- 50 राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों के पुलवामा की मस्जिद में घुसने और वहां मौजूद मुस्लिमों को जय श्री राम कहने के लिए मजबूर करने की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। जब अमित शाह यहां है तब ऐसी हरकत करना और वो भी यात्रा से कुछ समय पहले, ये सिर्फ उकसाने के लिए किया गया है।

# एमक्यू-9 बी ड्रोन की कीमतें तय नहीं

**स्पष्ट किया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रक्षा मंत्रालय** (एमओडी) ने अमेरिका से खरीदे जाने वाले 31 एमक्यू-9बी ड्रोन को लेकर साफ किया है कि अभी इनकी कीमतें तय नहीं हुई हैं, अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर बातचीत की जाएगी। कीमत और खरीद की अन्य नियम एवं शर्तें अभी तय नहीं की गई हैं और ये बातचीत के अधीन हैं। एमओडी जनरल एटॉमिक्स (जीए) से तालमेल करके अन्य देशों की तुलना में सर्वोत्तम कीमत से खरीद करेगा।



रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 15 जून को तीनों सेनाओं के लिए 31 एमक्यू-9बी हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (हेल) रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम के अधिग्रहण के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। इसमें 16 स्काई गार्जियन और 15सी गार्जियन ड्रोन हैं। यह

**8 अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर ड्रोन के दाम पर होगी बातचीत**

खरीद संयुक्त राज्य अमेरिका से विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग से की जानी है। एओएन में संबंधित उपकरणों के साथ खरीदे जाने वाले यूएवी की संख्या शामिल थी। हालांकि, डीएसी ने एओएन में अमेरिकी सरकार से प्रदान की गई 3,072 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत का उल्लेख किया।

## 'इमरजेंसी थोपने वाली कांग्रेस की गोद में बैठे लालू-नीतीश'

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार** के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि 48 वर्ष पूर्व देश में आपातकाल घोषित करने वाली कांग्रेस की गोद में लालू प्रसाद और नीतीश कुमार बैठ गए हैं।देश में इमरजेंसी थोपने वाली कांग्रेस और उसका साथ देने वाले लालू-नीतीश को कभी बिहार की जनता माफ नहीं करेगी। सुशील मोदी ने रविवार को बयान जारी कर कहा

**8 कांग्रेस और उसका साथ देने वाले लालू-नीतीश को कभी बिहार की जनता माफ नहीं करेगी**

कि लालू-नीतीश सरकार ने बिहार में आपातकाल जैसी स्थिति पैदा कर दी है। विपक्षी एकता सम्मेलन के दौरान भाजपा के 100 से ज्यादा होर्डिंग को हटा दिया गया।

# 'पति की खरीदी संपत्ति में पत्नी बराबर की हकदार'

**ऐतिहासिक**

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**

**एक** महत्वपूर्ण फैसले में मद्रास हाईकोर्ट ने हाल ही में कहा कि एक पत्नी, उस संपत्ति में बराबर की हकदार हे, जिसे उसके पति ने अपने नाम पर खरीदा है। ऐसा इसलिए क्योंकि उसने घरेलू कामकाज करके पारिवारिक संपत्ति के बनाने और खरीदने में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दिया है।

जस्टिस कृष्णन रामासामी ने कहा कि हालांकि वर्तमान में ऐसा कोई कानून नहीं है जो पत्नी के योगदान



को मान्यता देता हो, कोर्ट ही इसे अच्छी तरह मान्यता दे सकता है। कानून भी किसी जज को पत्नी के योगदान को मान्यता देने से नहीं रोकता है। कन्नियन नायडू नाम के शख्स ने एडिशनल डिस्ट्रिक्ट और सेशन कोर्ट में याचिका लगाई थी। जिसमें उसने कहा था कि उसकी पत्नी वो संपत्ति हड़पना चाहती है, जिसे खरीदने के लिए

**8 घरेलू कामकाज करके पारिवारिक संपत्ति के बनाने और खरीदने में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दिया है**

लिए उसने पत्नी को पैसे भेजे थे। कन्नियन ने कोर्ट से कहा था कि विदेश में रहते हुए वह अपने नाम पर संपत्ति नहीं खरीद सकता था, इसलिए उसने पत्नी के नाम पर खरीदा। इस मामले में कन्नियन की पत्नी कंसाला ने कहा कि वह सभी संपत्तियों में बराबर की हकदार है।

**भड़काऊ** | औवेसी ने हाथ उठाकर चुप रहने का इशारा किया, बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने कडासने से औवेसी की सभा की शिकायत की थी

# असदुद्दीन औवेसी की रैली में नारे लगे- औरंगजेब अमर रहे के नारे

**शिकायत**

**8 भाषण के बीच कुछ लोगों ने औरंगजेब अमर रहे... के नारे लगाने शुरू कर दिए, वीडियो वायरल हो गया**

**टीम एक्शन इंडिया/औरंगाबाद**

**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी शनिवार को बुलढाणा के मलकापुर में जनसभा कर रहे थे। उनके भाषण के बीच कुछ लोगों ने औरंगजेब अमर रहे... के नारे लगाने शुरू कर



दिए। इसका वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो में लोगों को यह कहते सुना गया कि जब तक सूरज चांद रहेगा, औरंगजेब का नाम रहेगा। जब ये नारेबाजी हो रही थी तब औवेसी इन लोगों को हाथ से चुप रहने का इशारा करते नजर आ रहे थे। हालांकि, बाद में औवेसी ने कहा कि कुछ न्यूज चैनलों ने मेरी सभा में औरंगजेब के नारे लगने की झूठी खबरें चलाई हैं। मैं उनके खिलाफ केस करूंगा।

बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने बुलढाणा एसपी सुनील कडासने से औवेसी की सभा में औरंगजेब के नारे लगने की शिकायत की थी। उन्होंने नारे लगाने वालों पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। जिसके बाद, पुलिस ने वीडियो की जांच कर कानूनी कार्रवाई की बात कही। ओवैसी ने जनसभा के दौरान 23 जून को पटना में हुई विपक्षी पार्टियों की मीटिंग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा - मुझे नहीं पता कि हमें क्यों नहीं बुलाया गया। जलील ने जो मुद्दा उठाया है वो गंभीर है।

### कोल्हापुर में औरंगजेब पर पोस्ट पर हुई थीं हिंसा

**कोल्हापुर** में औरंगजेब की तारीफ में एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई थी। जिसमें दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडे चले और पत्थरबाजी हुई थी। इस दौरान पुलिस को प्रदर्शन कर रही भीड़ को तितर-बितर करने लाठी चार्ज करना पड़ा था। दरअसल, एक वॉट्सऐप ग्रुप पर औरंगजेब की तारीफ में कुछ लोगों ने एक पोस्ट वायरल किया था। इसके विरोध में हिन्दू संगठनों ने कोल्हापुर बंद का ऐलान किया था। वे इन लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

# प्रेमी पर लगा पोस्को केस खारिज किया

**फैसला**

**टीम एक्शन इंडिया/शिलॉन्ग**

**मेघालय** हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति पर पोस्को के तहत दर्ज किए केस को खारिज करते हुए उसे रिहा कर दिया। शिलॉन्ग बेंच ने आरोपी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने पॉक्सो के तहत दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की गई थी। आरोपी जॉन फ्रैंकलिन का दावा था कि उसने नाबालिग का यौन उत्पीड़न नहीं किया है, बल्कि दोनों ने सहमति से शारीरिक संबंध बनाए थे, क्योंकि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते हैं। जस्टिस डिएंगदोह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इसमें कोई अपराध शामिल नहीं है। 16



साल की नाबालिग इस पर फैसला लेने के काबिल है कि सेक्स करना सही है या गलत।

**क्या था मामलाः** रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी जॉन फ्रैंकलिन कई घरों में काम करता था। इस दौरान उसकी लड़की से मुलाकात हुई। इसके बाद दोनों ने जॉन के रिश्तेदार के घर सहमति से शारीरिक संबंध बनाए। लड़की की मां को जब यह पता चला तो

**8 16 साल के किशोर ये फैसला करने में सक्षम कि सेक्स करना सही या गलतः हाईकोर्ट**

उन्होंने जॉन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। जॉन पर पोस्को एक्ट 2012 की धारा 3 और 4 के तहत केस दर्ज हुआ। इसके खिलाफ जॉन ने हाईकोर्ट में अपील की। जॉन ने कहा कि यह यौन उत्पीड़न नहीं है, क्योंकि नाबालिग ने की धारा 164 के तहत अपने बयान और कोर्ट में गवाही के दौरान कहा है कि दोनों प्रेमी-प्रेमिका हैं।

# तीनों मंडलों के मोर्चों का एक संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित

## मोदी सरकार ने बुनियादी ढांचे का विकास किया है, वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति मजबूत हुई है

**उपलब्धियां**

8 पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं को समय-समय पर जनता से संवाद करने के कार्यक्रम दिए जाते हैं





**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री माननीय अनिल विज के निर्देशानुसार अंबाला छावनी के बीपीएस प्लैनेटोरियम में भारतीय जनता पार्टी, अंबाला छावनी के तीनों मंडलों के मोर्चों का एक "संयुक्त मोर्चा सम्मेलन" आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में हरियाणा प्रदेश भाजपा के महामंत्री व लाडवा से पूर्व विधायक पवन सैनी मुख्य वक्ता के रुप में शामिल हूए। अंबाला जिलाध्यक्ष राजेश बतौरा भी इस सम्मेलन में उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी परमिंद्र शर्मा व दीपक ओबराय ने बताया कि इस सम्मेलन में अंबाला छावनी के तीनों मंडलों के सभी मोर्चों के अध्यक्ष व अन्य सदस्य भारी संख्या में उपस्थित रहे।
अपने शुरूआती भाषण में सदर मंडल अध्यक्ष राजीव डिंपल ने सभी उपस्थित कार्यकताओं का स्वागत किया व भारी संख्या में पहुंचने पर धन्यवाद भी किया। उन्होंने मुख्य वक्ता पवन सैनी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजेंद्र चौहान विजेंद्र चौहान ने बताया कि कार्यकर्ताओं द्वारा सरकार के किए गए कार्यों का जनता से संवाद करके प्रचार करने से अधिक असर पड़ता है। इसलिए कार्यकताओं को जनता के बीच जाकर अधिक से अधिक सरकार द्वारा किए गए कार्यों का प्रचार करना चाहिए। यही कारण है कि पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं को समय-समय पर जनता से संवाद करने के कार्यक्रम दिए जाते हैं। ताकि जनता के बीच सरकार द्वारा किए गए कार्यों का अधिक से अधिक प्रचार किया जा सके। तत्पश्चात मुख्य वक्ता पवन सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने 9 सालों में देश को मजबूत करने का काम किया है। सड़कों, रेलवे, हवाई अड्डों और डिजिटल कनेक्टिविटी सहित सभी क्षेत्रों में मोदी सरकार ने बुनियादी ढांचे का विकास किया है। वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति मजबूत हुई है और आज भारत का डंका विश्वभर में बज रहा है। पवन सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने 9 साल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के काम किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दस साल में देश को कमजोर करने का काम किया है। पवन सैनी ने कहा कि 2004 से 2014 तक रिमोट कंट्रोल वाली सरकार चलती थी। 10 सालों तक देश ने कमजोर नेतृत्व का दंश झेला है। एक परिवार के चक्कर में देश के बेशकीमती 10 साल बर्बाद हो गए। कांग्रेस शासन के इन 10 सालों में भारत को कमजोर अर्थव्यवस्था वाला देश कहा जाने लगा। कमरतोड़ महंगाई विकास दर में बेहद कमी से देश का आत्मविश्वास डगमगा गया था। भारत वो दिन नहीं भूला है, जब दिल्ली से एक रुपया भेजते थे लेकिन गरीबों तक सिर्फ 15 पैसे पहुंचते थे और देश ये दिन भी नही भूलेगा कि आज दिल्ली से 100 रुपये चलता है जो गरीब के पास पूरा का पूरा 100 रुपया ही पहुंचता है। मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियों के बारे में बोलते हुए पवन सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने जनधन योजना के तहत गरीबों के 48.27 करोड़ बैंक खाते खोले। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया।

## जाति/जनजाति कर्मचारी संघ की सभा व सम्मान समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** हरियाणा अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के तत्वाधान में अंबेडकर भवन मालवीय नगर नारनौल में रविवार को संघ की आम सभा व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ प्रधान विनोद कुमार ने की ।कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य महासचिव जयसिंह नारनौलिया ने किया । बैठक में संघ के खजांची सुरेश कुमार द्वारा पिछले 6 माह में की गई सभी आय और व्यय का ब्यौरा दिया गया जिसको उपस्थित सभा ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया । इसके साथ ही कार्यक्रम में समाज के मेधावी बच्चों व पदोन्नत साथियों को भी सम्मानित किया गया।
समस्त एस सी समाज की क्रीम को सम्मानित किया गया।

# 'पंजाब व हिमाचल की तर्ज पर मिले रिटायर्ड पुलिस कर्मचारियों को सुविधाएं'

8 एसोसिएशन जिला अम्बाला की मासिक बैठक पुलिस लाईनज कार्यालय अम्बाला शहर में हुई



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**एक्स** पुलिस ऑफिसर्ज सोशल वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक मीटिंग सम्पन्न अम्बाला 24 जूनः एक्स पुलिस ऑफिसर्ज सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जिला अम्बाला की मासिक बैठक पुलिस लाईनज कार्यालय अम्बाला शहर में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता की अश्वनी कुमार प्रधान ने की। बैठक में सर्वश्री बलविन्द्र सिंह, तरसेम पाल, सतोष सिंह, गोपाल कृष्ण, राजेन्द्र कौशिक, रणधीर सिंह, तेजन्द सिंह सभी सेवानिवृत, धर्मपाल, जगदीश लाल, कुलदीप चन्द्र शाहपुर, भूपेन्द्र सिंह, मदन सिंह सभी (उपनि0 सेवा निवृत) ने भाग लिया। बैठक में मांग की गई कि रिटायर कर्मचारियों को कैशलेस सुविधा, पंजाब व हिमाचल की की तर्ज पर सेवानिवृत कर्मचारियों को 65, 70, 75, 80 उम्र पूरी होने पर 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि दी जाए। मैडीकल भत्ता 1000 रुपए की बजाए 3000 हजार दिया जाए। पैंशन की कम्पाउंड अवधि 15 वर्ष की बजाए 12 वर्ष कर दी जाए।

# शांति देवी धर्मशाला में लगा निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप कैंप

**टेस्ट हुए**

8 कैम्प में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए गए



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप शांति देवी धर्मशाला, नजदीक अम्बिका देवी मंदिर में लगाया गया। कैंप का 432 लोगों ने लाभ उठाया। कैम्प में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए गए साथ ही आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र, ई - श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। कैंप में अम्बाला शहर की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने भी विशेष रूप से शिरकत की। वहां पहुंचने पर अशोक बूंदी वशिष्ठ व उनकी धर्मपत्नि रेणु वशिष्ठ व शमा ने उन्हें माता रानी की चुनरी देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात शक्तिरानी शर्मा ने कैंप में सेवाएं देने आए डाक्टरों व उनकी टीम की हौंसलाअफजाई की।
कैंप में संजीवनी अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. ओ.पी. आर्या ने 115 लोगों की आंखें चैक कीं जिनमें से 12 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनके लैंस संजीवनी आईज मैडीकेयर सैंटर से मशीन द्वारा बिल्कुल मुफ्त डलवाए जाएंगे। वहीं मिशन(फिलाडेल्फिया) अस्पताल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संदीप गोयल ने 60 लोगो की हड्डियों से संबंधित बीमारियों को जांचा व उन्हें परामर्श दिया। एम्पायर क्लीनिक से डा. सतिंद्र सिंह ने 110 लोगों का स्वास्थ्य जांचा। वहीं मोबाइल वैन में 86 लोगों ने अपने रक्त की जांच के लिए नमूने दिए जिनकी रिपोर्ट उन्हें जल्द ही सौंप दी जाएगी। जिन लोगों की परिवान पहचान पत्र में प्रमाणित आय 1,80,000 तक है ऐसे 41 लोगों ने अपने आयुष्मान कार्ड भी कैंप में मौके पर ही बनवाए। वहीं, 20 लोगों ने अपने परिवार पहचान पत्र भी बनवाए। अंत में इलाकावासियों ने उनके क्षेत्र में निशुल्क मैडीकल कैंप लगाने के लिए पं.केदारनाथ शर्मा चैरीटेबल ट्रस्ट, पूर्व केंद्रीय मंत्री पं. विनोद शर्मा एवं अम्बाला शहर की मेयर शक्तिरानी शर्मा का तहेदिल से धन्यवाद किया। इलाके के लोगों ने कहा कि अम्बाला में इस तरह के कैंपों का आयोजन शर्मा परिवार द्वारा किया जाना सही मायने में लोगों की सेवा करना है।

# गौ सेवा आयोग चेयरमैन व वाइस-चेयरमैन ने किया जिले की गौशालाओं का दौरा व निरीक्षण

8 प्रबंधकों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि नशल सुधार पर जोर दें ताकि भविष्य सुरक्षित हो



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल**
**हरियाणा** गौ सेवा आयोग चेयरमैन श्रवण गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार ने गौशालाओं को सशक्त करने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। सरकार ने गौशालाओं को मिलने वाली बजट राशि को 40 करोड़ से बढ़ाकर 456 करोड़ किया जो वित वर्ष में लगभग साढ़े 11 गुना की बढ़ोतरी है। श्री गर्ग आज बाबा खेतानाथ गौशाला खेड़की में जिला की गौशालाओं के प्रतिनिधि और प्रधानों के साथ खुला संवाद करते हुए जिला को बेसहारा गौवंश मुक्त करने के संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने गौशालाओं का बिजली बिल 2 रुपए प्रति यूनिट करने व गौशालाओं मे सोलर पावर सिस्टम लगवाने सहित धरातल पर अनेकों कार्य गिनाए।
उन्होंने कहा कि सिस्टम लगवाने परियोजना के लिए आयोग ने सभी तरह की तैयारी कर ली हैं। जल्द ही योजना धरातल पर नजर आएगी। इस मौके पर उन्होंने गौशाला का निरीक्षण किया तथा प्रबंधकों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि नशल सुधार पर जोर दें ताकि भविष्य सुरक्षित हो।

# इलेक्ट्रॉनिकस विभाग में 100% छात्राओं का चयन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला शहर के कल्पना चावला बहुतकनीकी संस्थान में सुबरोस कंपनी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक विभाग के 18 छात्राओं का ऑनलाइन टेस्ट लिया गया और सभी ने यह टेस्ट पास करके कंपनी द्वारा चयन प्राप्त किया। सभी की जॉब लोकेशन नोएडा में होगी। इससे पहले भी आनंद ग्रुप ने 16 छात्राओं का चयन किया था जिसके फलस्वरूप टॉनिक विभाग के इलेक्ट्रॉनिक विभाग के 100% छात्राएं इस वर्ष चयनित हो गई हैं इस मौके पर प्रधानाचार्य विन्दु आनंद और एचओडी सारिका शर्मा ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी।

# साप्ताहिक सत्संग का हर्षोल्लास से किया गया आयोजन

8 मनुष्य जब मन को वश में करके उत्तम ज्ञान प्राप्त करता है तो उसकी वाणी में भी सत्य भाषण होता है



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
आर्य समाज रेलवे रोड अम्बाला शहर में भारत विकास परिषद् ,नगर शाखा ,के तत्वावधान मे साप्ताहिक सत्संग का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज रेलवे रोड के मंत्री एवं पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल अंबाला शहर के प्रधानाचार्य डॉ विकास कोहली ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि -मनुष्य जब मन को वश में करके उत्तम ज्ञान प्राप्त करता है तो उसकी वाणी में भी सत्य भाषण होता है और कर्मों में भी सद्गुणों की सुगंध रहती है सब व्यवहार और सत्याचरण से संसार के कल्याण के कार्य ही होते हैं और इसी से प्रभु कृपा होती है ईश्वरीय अनुभूति के लिए अपने संपूर्ण मन को ईश्वर के आगे समर्पित करना होता है ईश्वर के सान्निध्य को प्राप्त करने का निरंतर अभ्यास किए बिना और अपने अस्तित्व के प्रत्येक चरण में ईश्वर की उपस्थिति अनुभव किए बिना अध्यात्मिक विकास संभव नहीं है। इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् के सचिव "राजेश बंसल एवं शिवानी बंसल ने मुख्य यजमान रहे। डॉ सौरभ गुप्ता अध्यक्ष भारत विकास परिषद्, रोशनलाल जैन (कोषाध्यक्ष), साक्षी अग्रवाल (महिला प्रमुख) भारत विकास परिषद् , गुरचरण सैनी, रविन्द्र नाथ मित्तल मौजूद रहे।

# कॉटन के गोदाम में लगी आग, लाखों रुपए का हुआ नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष यादव नारनौल।** स्टेडियम के पास बने एक कॉटन के गोदाम में आज सुबह करीब 3:30 बजे आग लग गई। आग लगने की घटना के बाद पड़ोसी ने इसकी सूचना मालिक को दी। जिसके बाद मालिक ने दमकल को बुलाया। मौके पर पहुंची दमकल की 3 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने के बाद भी सुलगे हुए कॉटन को बुझाने के लिए दमकल की एक गाड़ी सुबह 10 बजे तक लगी रही। वहीं आग पर पूर्ण रूप से काबू पाने के लिए गोदाम की साइड की दीवारों को तोड़कर कॉटन को बाहर निकाला गया।
स्टेडियम के पास शशांक नाम के एक व्यक्ति ने गोदाम किराए पर ले रखा है। इस गोदाम में उसने कॉटन भरा हुआ था। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 3:30 बजे पड़ोस में रह रहे लोगों ने गोदाम से धुआं उठता हुआ देखा तथा जलने की स्मेल आई। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना गोदाम के मालिक को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे गोदाम मालिक ने दमकल को बुलाया। जिसके बाद मौके पर दमकल की 3 गाड़ियां पहुंची। जिन्होंने करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# लेन ड्राईविंग नियमों की उल्लघंना करने पर काटे चालान

**कार्रवाई**

8 24 जून को 37 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 19984 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 24 जून 2023 को 37 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 416 दिनों में 19984 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 37 भारी वाहनों के चालान किए।

# रोडवेज फ्लाइंग इंचार्ज ने महिला को सोने का हार लौटाया



**मिसाल**

8 बस में एक महिला जिसका नाम राजेश देवी गांव जाखनी का गले का सोने का हार टूट कर बस में गिर गया

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** कहते हैं कलयुग में भी लोगों में ईमानदारी का जज्बा कायम है। अपनी ईमानदारी के कारण कुछ लोग अनुकरणीय उदाहरण पेश कर समाज में एक अच्छा सार्थक संदेश देते हैं, जिनकी भूरी भूरी प्रशंसा की जाती है। ऐसी ही मिसाल हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों ने पेश की। रविवार को नारनौल से नांगल काठा जाने वाली बस में एक महिला जिसका नाम राजेश देवी गांव जाखनी का गले का सोने का हार टूट कर बस में गिर गया। बस फ्लाइंग इंचार्ज प्रदीप भाखरी की टीम मे कार्यरत सब इंस्पेक्टर करतार सिंह दौंगड़ा की चेकिंग के दौरान बस मे लास्ट पायदान पर पड़े सोने के हार पर नजर पड़ी। सब इंस्पेक्टर करतार सिंह ने हार को उठाते हुए इस बारे में सवारियों से जांच पड़ताल कि तो पाया कि राजेश देवी जाखनी का यह हार था जिसकी कीमत लगभग 60 हजार रुपए थीं। राजेश देवी को हार लौटाते हुए ईमानदारी का परिचय दिया। वहीं दूसरी तरफ नारनौल से कनीना मार्ग पर कार्यरत परिचालक विकास सिहमा तथा चालक सुदेश ने भी पड़तल निवासी यात्री का फोन तथा 27300 रुपए लौटाते हुए ईमानदारी का परिचय दिया। नारनौल डिपो प्रधान अनिल भीलवाड़ा ने ईमानदारी की मिसाल कायम करने वाले सब इंस्पेक्टर करतार, परिचालक विकास सीहमा , चालक सुदेश के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा की कर्मचारियों की लगन, मेहनत और ईमानदारी के कारण ही हरियाणा रोडवेज एशिया में नंबर वन पर है ।

# विधायक पंवार ने अग्रोहा धाम के लिए चार बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
विधायक सुरेंद्र पंवार ने अग्रवाल धर्मशाला, ओल्ड रोहतक रोड से अग्रोहा धाम के लिए चार बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके उपरांत विधायक सुरेंद्र पंवार स्वयं भी अग्रोहा धाम पहुंचे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने अग्रोहा धाम पहुंचकर अग्रसेन महाराजा व महालक्ष्मी से सभी क्षेत्रवासियों की मनोकामनाएं पूर्ण करने की कामना की।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की भूमि अग्रोहा धाम महाभारतकालीन इतिहास को समेटे हुए है। देश की राजधानी दिल्ली से करीब 185 किलोमीटर की दूरी पर नेशनल हाईवे संख्या -9 पर हिसार जिले के गांव अग्रोहा का इतिहास महाभारत काल से रहा है। महाराजा अग्रसेन के द्वारा निर्मित इस गांव का इतिहास काफी पुराना है। अग्रोहा धाम को तीन भागों में बांटा गया है बीच वाला भाग मां लक्ष्मी व पूर्वी हिस्सा महाराजा अग्रसेन व पश्चिमी हिस्सा मां सरस्वती को समर्पित है। मंदिर के पिछले हिस्से में बारह ज्योर्तिलिंग से बना रामेश्वर धाम बना है। मंदिर के बीच में सरोवर का निर्माण किया गया है, जिसको 41 पवित्र नदियों के जल के साथ पावन किया गया है। वैसे तो हर रोज ही धाम में पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहता है, लेकिन शरद पूर्णिमा के अवसर पर हर साल अग्रोहा धाम में मेला लगता है, जिसमें देशभर से लाखों लोग धाम को देखने आते है। महाराजा अग्रसेन अपने जीवन में तीन आदर्शों लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, आर्थिक समरूपता और सामाजिक समानता का पालन करते थे। महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज का कल्याण करने में जुटे है। उन्होंने महाराजा अग्रसेन से सभी शहरवासियों को सुख-समृद्धि प्रदान करने की कामना की है। इस दौरान पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पार्षद नीतू राजेश दहिया, संजय सिंगला, बबिता जिंदल, अनिल गुप्ता, प्रदीप गोयल, राजीव गर्ग, प्रवीन गोयल, प्रेम नारायण गुप्ता, अंजली जिंदल, रूबी मित्तल, वर्षा गुप्ता, माया गुप्ता, उमा गोयल सहित अन्य मौजूद रहे।

# बल्लभगढ़-पलवल की मेट्रो कनेक्टिविटी को स्वीकृति

## मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की गौरवशाली भारत रैली में की बड़ी घोषणा, रैली के संयोजक केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन, कांग्रेस ने इमरजेंसी लगाकर की लोकतंत्र की हत्या: मनोहर लाल

**सौगात**

**8 मेट्रो व नेशनल हाइवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा में आ रहे: सीएम मनोहर लाल**






**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की कि बल्लभगढ़ से पलवल की मेट्रो कनेक्टिविटी के लिए हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृति दी गई है, जिससे क्षेत्र की जनता को बेहतर यातायात सुविधा मुहैया होगी। मुख्यमंत्री रविवार को पलवल जिला के गांव गजपुरी में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की गौरवशाली भारत रैली को सम्बोधित कर रहे थे। रैली में पहुंचने पर रैली के संयोजक एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथिगणों का अभिनंदन किया।

**हरियाणा को मिल रहे केंद्र सरकार से बड़े प्रोजेक्ट:** मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार विकास की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ा रही है। मेट्रो व नेशनल हाइवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा में आ रहे हैं, जिसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि पलवल और फरीदाबाद क्षेत्र में जितना विकास हमारी सरकार के दौरान हुआ है उतना पहले कभी नहीं हुआ। अनेक बड़े राज्य मार्गों के आने से बेहतर कनेक्टिविटी की सुविधा मिली है। इसके साथ ही जेवर एयरपोर्ट के विकास से भी इस इलाके में और तेजी से औद्योगीकरण व अन्य विकास के कार्य होंगे। यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि मुम्बई एक्सप्रेस-वे भी इन जिलों से निकल रहा है, जिससे इस क्षेत्र का जुड़ाव देश के अन्य इलाकों से होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समूचे प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य हो रहे हैं और हरियाणा एक-हरियाणवी एक की सोच को सरकार सार्थक कर रही है। परिवार पहचान पत्र को लागू करते हुए हरियाणा सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर देने में सक्रिय भूमिका अदा कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी दो माह के अंतराल में ही प्रॉपर्टी आईडी व पीपीपी से जुड़े सभी पहलुओं पर फोकस रखते हुए उनका स्थाई समाधान कर दिया जाएगा, इसके लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग को लगभग 1 हजार कर्मचारी उपलब्ध करवाएं है, ताकि प्रॉपर्टी आईडी संबंधी जानकारियों को एकत्रित कर उनका तत्काल निदान किया जा सके।

**पूर्व की सरकारों के अवगुणों को खत्म कर पूरे प्रदेश का एक समान विकास किया सुनिश्चित:** मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों के अवगुण को खत्म करने का काम हमारी सरकार ने किया है, जहां कांग्रेस के राज में भय व भ्रष्टाचार का बोलबाला था, भाई-भतीजावाद और परिवारवाद हावी था, हमने आते ही इन समस्याओं का न केवल निदान किया बल्कि विकास की एक समान सोच को अपनाते हुए पूरे प्रदेश का विकास सुनिश्चित किया। नौकरियों में पारदर्शिता लाए, हर विधानसभा क्षेत्र में समान रूप से विकास के कार्य करवाए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का ध्येय अंत्योदय का उत्थान करना है। एक लाख से कम आय वाले परिवारों को अंत्योदय परिवार माना। वहीं एक लाख 80 हजार की सालाना आय वाले परिवारों को बीपीएल परिवार माना। ऐसे परिवारों को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर विशेष फोकस रखा है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि दो करोड़ 80 लाख हरियाणावासी उनका परिवार है और बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करना ही उनका मकसद है।

### नई सोच और दिशा के साथ आगे बढ़ रहा हरियाणा

**हरियाणा** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व ने हरियाणा को नई दिशा देने का काम किया है। 2013 का हरियाणा और 2023 के हरियाणा में दिन रात का अंतर साफ नजर आ रहा है। आज हर क्षेत्र में हरियाणा विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है। फरीदाबाद की बात करें तो यहां चार नेशनल हाईवे निकले हैं जिसका लाभ सीधे तौर पर देश की जनता को मिल रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों की सराहना की।

### हरियाणा में डिजिटल क्रांति से हुआ व्यवस्था परिवर्तन

**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल जन सेवक की भूमिका निभा रहे हैं।

9 साल में व्यवस्था परिवर्तन का काम हुआ है और मुख्यमंत्री अंत्योदय की भावना से काम कर रहे हैं। डिजिटल क्रांति की दिशा में सराहनीय कदम बढ़ाए जा रहे हैं और सरकारी सेवाएं ऑनलाइन घर बैठे लोगों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि देश भर में विकास कार्य हुए हैं और हर वर्ग को भरपूर सम्मान मिला है।

**8 विभाग को 1 हजार कर्मचारी उपलब्ध करवाएं है, ताकि प्रॉपर्टी आईडी संबंधी जानकारियों को एकत्रित कर निदान किया जा सके**

### कांग्रेस ने इमरजेंसी लगाकर की लोकतंत्र की हत्या

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आज के दिन 25 जून, 1975 को कांग्रेस की सरकार ने देश पर आपातकाल थोप दिया। लोकतंत्र की रक्षा करते हुए अनेक लोगों ने जेलों में यातनाएं सही और लोकतंत्र की बहाली के लिए आंदोलन किए, ऐसे सभी योद्धाओं को हमें याद रखना चाहिए।

### सीएम के नेतृत्व में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित

**कृष्ण** पाल गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के साथ बेहतर आधारभूत ढांचागत विकास प्रदेश में हो रहा है। हर वर्ग के कल्याण के लिए हरियाणा सरकार कार्य कर रही है।

### पूरी दुनिया में भारत की पहचान कायम हुई है : सांसद

**रैली** के संयोजक एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधान सेवक के रूप में पिछले 9 साल से हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। आज हर वर्ग को उचित सम्मान देने का काम मौजूदा सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि इन 9 सालों को गांव और गरीब के कल्याण के रूप में याद किया जा रहा है। इन 9 वर्षों में देश ने जो तरीकी की है, वह बेमिसाल है। आज मोदी जी के व्यक्तित्व की पहचान पूरी दुनिया में बनी है। देश की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने का श्रेय देश के प्रधान सेवक को जाता है। आज नरेंद्र मोदी ग्लोबल लीडर हैं और यही कारण है कि भारत को जी 20 देशों की मेजबानी करने का अवसर मिला है।

---

# गठबंधन रहे न रहे दुष्यंत उचाना से नहीं लड़ेंगे चुनाव : बीरेंद्र सिंह

**दो टूक**

**8 युवा पीढ़ी के आज देश हवाले है। भाजपा में तो 75 साल के बाद राजनीति से दूर भेज देते है**



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने राजीव गांधी महाविद्यालय में रविवार को आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में दावा किया कि भाजपा के साथ जेजेपी का गठबंधन रहे या ना रहे वे लिख कर देते है कि दुष्यंत चौटाला उचाना से अगला विस चुनाव नहीं लड़ेंगे। बैठक का आयोजन भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा 30 जून को बरवाला में होने वाली हिसार लोकसभा की बैठक में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किया गया। पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह के साथ-साथ उचाना के तीनों मंडलध्यक्ष मीटिंग में पहुंचे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकसभा में जहां भाजपा की जीत आज बिल्कुल पक्की बताई जाती है उसमें सबसे पहले नंबर पर फरीदाबाद, गुडगांव के बाद अगर भाजपा की जीत सुनिश्चित है तो वो सांसद बृजेंद्र सिंह की हिसार लोकसभा की सीट है। युवा पीढ़ी के आज देश हवाले है। भाजपा में तो 75 साल के बाद राजनीति से दूर भेज देते है। उचाना हलका वो हलका नहीं है जहां से केवल विधायक बनता है उचाना हलका वो हलका है जो हरियाणा की राजनीति में बड़ा खेल खेलने में सक्षम है।

**दुष्यंत ने सिद्धांतों को दिया धोखा:** जेजेपी द्वारा भाजपा को दिए गए समर्थन पर चौ. बीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा को चुनाव में जमुना पार करवाने वाला दुष्यंत चौटाला ने अपने सिद्धांतों को धोखा देकर भाजपा को समर्थन दिया।

10 विधानसभा सीट जेजेपी को मिली थी। विपक्ष में अगर ये बैठकर दिखाते तो उनके दम का पता लगता।

## नागरिक 10 साल पुराने आधार कार्ड को करवाएं अपडेट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने आमजन से अपील की है कि वे अपने 10 साल पुराने आधार को अपडेट करवाएं। इनमें आधार के संग वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना से राशन लेना आसान होगा, देश में किसी भी डिपो से राशन ले सकेगा। आधार के माध्यम से बैंक खाता खुलवाना आसान होगा, लाभार्थियों को आसानी से लगभग एक हजार डिजिटल सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। सिम कार्ड लेना आसान होगा।

# बडखल में लघु सचिवालय का निर्माण होगा: मनोहर लाल

**घोषणा**



**8 बडखल में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु सचिवालय की सौगात देने की घोषणा भी की**

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
शहर के विकास के लिए रविवार का दिन खास रहा। पलवल में हुई रैली में जहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बल्लभगढ़ से पलवल तक मेट्रो विस्तार की घोषणा की वहीं केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की मांग पर मुख्यमंत्री ने बडखल में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु सचिवालय की सौगात देने की घोषणा भी की। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने शहर के विकास कार्यों के लिए कल तक नगर निगम के खाते में 100 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने का आश्वासन दिया।
मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए जो भी विकास कार्य उनके समक्ष लाए जाएंगे उन्हें प्राथमिकता के तौर पर पूरा दिया जाएगा। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री ने भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र व फरीदाबाद शहर को जो तीन बड़ी सौगात दी हैं उनके लिए क्षेत्र की जनता की तरफ से वह उनका धन्यवाद करते हैं।

# किसान सम्मान निधि: घर बैठे करें ई-केवाईसी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभार्थी किसानों को अब ई-केवाईसी कराने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस पूरी प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए पीएमकिसान मोबाइल ऐप लांच किया गया है। इस ऐप के माध्यम से किसान अब घर बैठे ही इस काम को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को इसके लिए अब ओटीपी या फिंगरप्रिंट की जरूरत नहीं रहेगी। फेस ऑथेंटिकेशन फीचर की मदद से ई-केवाईसी हो जाएगा, साथ ही इसकी मदद से सौ अन्य किसानों का भी ई-केवाईसी किया जा सकता है।
उन्होंने बताया कि नया ऐप उपयोग में बहुत सरल है। गूगल प्ले स्टोर पर आसानी से डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। यह किसानों को योजना एवं पीएम किसान खातों से संबंधित कई जानकारियां देने में सक्षम है।

# केंद्र की सुरक्षा बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं आम नागरिक

**उपलब्ध**

**8 जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फार्म हर एक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने आम नागरिकों से केंद्र सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आम नागरिक नाममात्र राशि में अपना बीमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फार्म हर एक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर 2 लाख रुपए तक का बीमा होता है।
उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे 2 लाख रुपए के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है। केवल 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर इस योजना में 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा संरक्षण प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इन बीमा योजनाओं का प्रीमियम उपभोक्ता के बैंक या डाकघर खाते में से ऑटो डेबिट होता है तथा दावे की राशि संबंधित के बैंक खाते में सीधे जमा हो जाती है। इन योजनाओं में नामांकन करवाने के लिए अपने नजदीकी बैंक शाखा अथवा डाकघर से सम्पर्क करें।

# 'ग्रामीण क्षेत्रों में दिया जा रहा है विकास कार्यों को बढ़ावा'

**विकास**

**8 प्रदेश सरकार पूर्णतया गंभीर है और जनप्रतिनिधियों की मांगों को अविलंब मंजूर किया जाता है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के श्रम मंत्री अनूप धानक ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य की गति को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार पूर्णतया गंभीर है और जनप्रतिनिधियों की मांगों को अविलंब मंजूर किया जाता है। विकास कार्य को गति देने में छोटी सरकार यानि पंचायत और ग्रामवासियों की भी अहम भूमिका है। इसलिए मिलजुल कर अपने-अपने गांवों की समस्याओं को चिन्हित करें। श्रम मंत्री हिसार जिला के गांव खैरी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मंत्री ने गांव में विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए गांवों में ग्राम दर्शन पोर्टल बनाया गया है। इसके माध्यम से आम आदमी को भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अपनी बात रखने व उसके समाधान करवाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

# भारी बारिश से उफान पर घग्गर नदी, नौ लोग फंसे

**आफत**



**8 एनडीआरएफ की टीमों ने लोगों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हिमाचल में भारी बारिश के चलते घग्गर नदी का जलस्तर बढ़ने से करीब एक दर्जन लोग फंस गए और बहाव में तीन गाडियां पानी में बह गई। एनडीआरएफ की टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया। चंडीगढ़ तथा इसके आसपास के इलाकों में शनिवार की रात से लगातार बारिश हो रही है। शिमला तथा आसपास के इलाकों में भारी बारिश के चलते रविवार की सुबह पंचकूला के निकट से बह रही घग्गर नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शी पुष्पा सहोत्रा के अनुसार वह कुछ लोगों के साथ सुबह घग्गर नदी के किनारे पर सफाई अभियान में जुटी थीं। एक महिला अपनी मां के साथ पूजा का सामान घग्गर नदी में बहाने के लिए आई थी। वह अपनी गाड़ी नदी के जल बहाव के बेहद करीब ले गई। महिला पूजा सामग्री बहाने के लिए नीचे उतरी और उसकी मां गाड़ी में ही थी। अचानक पानी का तेज बहाव आया और गाड़ी व दोनों महिलाओं को पानी ने अपने चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एनडीआरएफ की टीम तथा फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे और पानी में फंसी महिला को निकालकर सेक्टर-छह के अस्पताल में भर्ती कराया। इस बीच घग्गर नदी के दूसरे छोर पर सेक्टर-27 के निकट सात लोगों के नदी में फंसने की सूचना आई। एनडीआरएफ की टीमों ने मौके पर पहुंचकर करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दो महिलाओं समेत सात लोगों को बचाया। पानी में रहने के कारण तीन लोगों की तबियत बिगडने पर उन्हें पंचकूला सेक्टर छह के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

---

**जांच जारी** जहां पर कंपनी के कई उत्पाद मौके पर मिले। पुलिस उत्पाद नकली है या असली इसको लेकर मामले की जांच कर रही है

# नकली उत्पाद बेचने पर पुलिस का छापा, 1200 उत्पाद बरामद



**शिकंजा**

**8 ब्रांडेड कंपनी के अधिकारियों के साथ पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कार्रवाई को अंजाम दिया था**

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
हिन्दुस्तान यूनिलीवर व कान्सल्टेंट इंडिया कंपनी के नकली उत्पाद ऑनलाइन बेचने के मामले में पुलिस और कंपनी के अधिकारियों ने देर शाम को अचानक छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। छापे के दौरान ब्रांडेड कंपनी के 1200 से अधिक विभिन्न नकली उत्पाद मौके पर मिले। पुलिस ने कान्सल्टेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के ऑपरेशन मैनेजर धर्मेन्द्र सिंह की शिकायत पर जिम्मी पुत्र अशोक भूटानी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को देर रात को ही पुलिस जमानत पर छोड़ दिया। पुलिस को दी शिकायत में कान्सल्टेंट इंडिया कंपनी के ऑपरेशन मैनेजर धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि हिंदुस्तान यूनिलीवर व कान्सल्टेंट इंडिया कंपनी के नकली उत्पाद ऑनलाइन बेचने की लगातार शिकायत मिल रही थी, जिससे कंपनी को आर्थिक चपत लगाने के साथ-साथ उपभोक्ताओं के भरोसेमंद उत्पाद की गुणवत्ता के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा था।
उन्होंने बताया कि ऑनलाइन ब्रांडेड कंपनी के नाम से नकली उत्पाद की भारी छूट देकर हिंदुस्तान यूनिलीवर कंपनी को नुकसान पहुंचाया गया, जिसकी पुलिस में शिकायत दी गई और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। देर शाम को कंपनी के अधिकारियों व पुलिस की संयुक्त टीम ने ऑनलाइन माल बेचने वाले व्यक्ति के ठिकाने पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस को ब्रांडेड कंपनी के उत्पाद भारी संख्या में बरामद हुए। मौके पर मिले विभिन्न उत्पाद की गिनती करने पर 1200 से अधिक पाए गए। पुलिस ने उत्पाद गणना के बाद आरोपी जिम्मी को गिरफ्तार किया परंतु देर रात को ही कॉपीराइट अधिनियम के तहत पुलिस जमानत पर उन्हें रिहा कर दिया। एएसपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि ब्रांडेड कंपनी के अधिकारियों के साथ पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कार्रवाई को अंजाम दिया था। जहां पर कंपनी के कई उत्पाद मौके पर मिले। पुलिस उत्पाद नकली है या असली इसको लेकर मामले की जांच कर रही है।

# आवारा कुत्तों ने नोच डाली 50 भेड़ बकरियां

**निशाना बनाया**



**8 32 भेड़, छह बकरियों की जान चली गई और 12 घायल हो गई। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है**

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
थाना प्रतापनगर के ताजेवाला में रविवार को एक पशुपालक की बाड़े में बंधी 50 भेड़ और बकरियों को आवारा कुत्तों ने नोंच डाला। जिसमें से 32 भेड़, छह बकरियों की जान चली गई और 12 घायल हो गई। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है।
पुलिस ने मौके पर मुआयना कर आगामी कार्रवाई शुरू की।
ताजेवाला निवासी सुरेश कुमार ने भेड़ बकरी पाली हुई है। घर के पास बनाए बाड़े में उसने 80 भेड़ व बकरियां रखी हुई थी। आज सुबह बरसात होने से सभी अपने घरों में थे। इसी दौरान बकरियों व भेड़ों की मिमयाने की आवाज सुनाई दी। वह तुरंत बाड़े की ओर दौड़े। उन्होंने देखा कि करीब 10 कुत्तों का झुंड बाड़े में घुसकर भेड़ व बकरियों को नोंच रहा है। उसके शोर मचाने से गांव के लोग एकत्र हो गए। तब तक 50 भेड़ व बकरियों को जख्मी किया जा चुका था। कुत्तों को भगाने के बाद जब बकरियों व भेड़ों के हालात देखे तो वह खून से लथपथ थी। तुरंत पशु चिकित्सक को सूचना दी गई। पशु सर्जन प्रशांत तिवारी टीम के साथ गांव में पहुंचे। उन्होंने बताया कि 32 भेड़ें व 6 बकरियों की भी मौत हो चुकी थी। 12 भेड़ें जख्मी हैं। उनका इलाज किया गया है। मृत भेड़ व बकरियों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार की गई है। सुरेश कुमार का कहना है कि परिवार में शोक का माहौल है और पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## न्यूज फ्लैश

### नहर से मिला व्यक्ति का शव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जनेसरो गांव** के पास नहर से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भिजवा दिया। मृतक की पहचान यूपी निवासी मोनू के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन पहले मोनू लाडवा नहर में मछली पकडने गया था। मछली पकड़ते समय उसका पांव फिसल गया और नहर में जा गिरा, जिससे उसका सिर नीचे पानी में पड़े पत्थर से जा टकराया। इसके बाद वह पानी से बाहर नहीं आ सका। उस दौरान कुछ लोगों ने उसे नहर से निकालने का भी प्रयास किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। लाडवा थाना के जांच अधिकारी मूलचंद ने बताया कि गोताखोरों व पुलिस की टीमें द्वारा सर्च अभियान चलाया गया था। रविवार अलसुबह मोनू का शव गांव जनेसरों के पास नहर से बरामद हुआ है। उसके सिर पर भी चोट का निशान मिला है। आज मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

### विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थतियों में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** गांव कालरम में एक विवाहिता ने संदिग्ध हालातों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रात को ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया था। आज मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर कर दिया गया। मृतका सोनिया उम्र 25 वर्ष निवासी मलिकपुर के चाचा दीपक ने बताया कि उसकी भतीजी की शादी वर्ष 2018 में गांव कालरम निवासी संदीप के साथ हुई थी। संदीप दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है और नशे का आदी है। उसकी भतीजी को शुरू से परेशान किया जा रहा था। दो दिन पहले भी उसकी भतीजी का फोन आया था कि घर में खाने तक का भी सामान नहीं है, भाई कुछ पैसे दे देना। इतनी बात हुई थी। विवाहिता के चाचा दीपक का कहना है कि अगर सोनिया ने खुद फंदा लगाया है तो ससुराल वालों को ही फोन करके बताना चाहिए था, लेकिन सूचना भी पडोसियों ने फोन करके दी है। ससुराल वालों ने ही सोनिया की हत्या की है। पुलिस ने मायके वालों के बयान दर्ज कर लिए हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सामुदायिक आउटरीच** प्रोग्राम में शामिल पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के तहत आज असंध ब्लॉक के बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में ब्लॉक के आसपास के गांवों के लोगों को एकत्रित करके नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया गया। यह सामुदायिक आउटरीच प्रोग्राम सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने और प्रशासन व जनता के बीच बेहतर संबंध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए हैं। इन आउटरीच प्रोग्रामों के तहत जिला करनाल सहित प्रदेश भर में समय.समय पर विभिन्न प्रोग्राम जैसे नशे के खिलाफ अभियानए साइकिल रैली व विभिन्न प्रकार के खेल आदि आयोजित करवाए जाएंगे।



इसी आउटरीच प्रोग्राम में शामिल पुलिस की पाठशाला के तहत उपरोक्त कार्यक्रम किया गया। करीब 3 घंटे चले इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत हुए एसडीएम असंध मनदीप शर्मा ने लोगों को नशे से दूर रहने और जीवन में कभी भी नशा न करने का संदेश दिया। इनके अलावा डीएसपी ट्रैफिक कम नोडल ऑफिसर आउटरीच प्रोग्राम नायब सिंह, डीएसपी असंध संदीप, डाक्टर अनन डीएडिक्शन सेंटर निसिंग, थाना निसिंग एसएचओ अजायब सिंह व सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने लोगों को नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया और नशे से होने वाली हानि के बारे में विस्तार से बताया गया।

एसडीएम मनदीप शर्मा ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि हमें हमारे आस पड़ोस में नशा बेचने वालों व नशा करने वालों के प्रति बेखबर नहीं होना चाहिए। अगर आज यह काम हमारे आस.पड़ोस में हो रहा है, तो यह कल हमारे घर तक भी अवश्य पहुंचेगा। उन्हें बताया कि नशे के कारण किस तरह से हमारी युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। हमारे आस-पड़ोस में नशा देश-प्रदेश के अलावा विदेशों से भी आ रहा है। जो कि हमारे देश के खिलाफ यह एक गंभीर साजिश भी हो सकती है। इसलिए हमें नशे के खिलाफ खुद भी जागरूक होना है और अपने आस-पड़ोस व जानकारों को भी जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि हमें नशे से घृणा करनी है और नसेडियों को उपचार के लिए नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती करवाना है। कई बार व्यक्ति मानसिक तौर पर परेशान रहने के दौरान, परिवार में अच्छी तरह देखभाल नहीं होने के कारण, ज्यादातर अकेले रहने के कारण, बुरी संगति के कारण अज्ञानता के कारण, दोस्ती के वास्ते व नशा आसानी से मिल जाने के कारण नशा करना शुरू कर देता है और वह नशे का आदी हो जाता है।

**जागरूक किया**

**8 सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने और प्रशासन व जनता के बीच बेहतर संबंध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए हैं**

उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को नशे से दूर करने के लिए या उनकी नशे की लत छुड़ाने के लिए राज्य के सभी जिलों के नागरिक अस्पतालों में मुफ्त नशा मुक्ति केंद्र खोले हुए हैं। कोई भी व्यक्ति इन नशा केंद्रों में अपना उपचार करवाकर नशे से दूर हो सकता है। इस कार्यक्रम के आखिरी में लोगों को नशा छोडने व जीवन में कभी भी नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई।

इस कार्यक्रम में प्रबंधक थाना असंध निरीक्षक बलजीत सिंह, भलाई निरीक्षक गुरनाम सिंह, इंस्पेक्टर सुभाष, स्पेशल यूनिट असंध इंचार्ज सब इंस्पेक्टर ऋषिपाल, पुलिस प्रवक्ता भरत लाल, समाजसेवी रमन मिड्डा, असंध के मीडिया कर्मी व आसपास के गांव के मोजिज व्यक्तियों सहित करीब 350 लोग शामिल रहे।

## योग कक्षा: योग गुरु दिनेश गुलाटी के निर्देशन में संचालित



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा** मिशन स्वस्थ भारत द्वारा योग गुरु दिनेश गुलाटी के निर्देशन में संचालित सांयकालीन योग कक्षा श्री साईं कृपा योग कक्षा, सेक्टर-6 में आज विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें ब्रह्मकुमारी प्रेम दीदी ने विशेष रूप से पहुंचकर उपस्थिति दी। इस कक्षा की शिक्षिकाओं नीरज गुप्ता और मंजू शर्मा को अपने निस्वार्थ कार्यों के लिए दिनेश गुलाटी द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इनोसेंट स्माइल पब्लिक स्कूल के निदेशक ईश अरोड़ा ने बताया कि उनके स्कूल में आयोजित इस योग कक्षा में नित्य प्रति योग साधक पहुंचकर योग, प्राणायाम और ध्यान साधना का लाभ ले रहे हैं। ब्रह्मकुमारी प्रेम दीदी ने विशेष रुप से शारीरिक योगाभ्यास के साथ-साथ मन को संतुलित और संयमित रखने के लिए योग साधना पर बल दिया।

## घरौंडा में फ्लाइओवर से नीचे गिरी कार, ग्रिल पर अटकी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले** के कस्बा घरौंडा में एक कार फ्लाइओवर से नीचे जा गिरी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से गाड़ी को एक साइड में करवाया। रविवार को एक बलेनो कार पेहवा से पानीपत जा रही थी। गाड़ी में अरुण नामक व्यक्ति सवार था। जैसे ही गाड़ी घरौंडा पहुंची तो उसके साथ में चल रही गाड़ी ने साइड ली, जिसकी वजह से अरुण की गाड़ी सडक पर बारिश के कारण गिरे पानी से होकर गुजरी और पहिया स्लिप होने के कारण गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। बलेनो गाड़ी ओवरब्रिज से सीधा नीचे जा गिरी और ग्रिल में अटक गई।



हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और आनन-फानन में ड्राइवर को बाहर निकाला। गनीमत रही कि चालक को किसी तरह से चोट नहीं आई।

हालांकि गाड़ी को नुकसान जरूर हुआ है। हादसे की जानकारी के बाद घरौंडा पुलिस मौके पर पहुंच गई।

ड्राइवर अरुण ने बताया कि वह पेहवा से पानीपत किसी काम के लिए जा रहा था। ओवरब्रिज पर अराईपुरा रोड के सामने उसकी गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और वह गाड़ी सहित नीचे आ गिरा। एक बार तो उसे लगा था कि आज वह नहीं बचने वाला, लेकिन गनीमत रही उसे कोई चोट नहीं आई।

घरौंडा थाना से मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी जय नारायण ने बताया कि ओवरब्रिज से गाड़ी नीचे गिर गई थी, जिसे हाइड्रा की मदद से एक तरफ करवा दिया गया है। कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

## वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट की साधारण सभा की बैठक का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर** के एक प्रमुख होटल में वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट करनाल की एक महत्वपूर्ण जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें वैश्य-अग्रवाल समाज के प्रमुख व्यक्तियों व ट्रस्ट के सदस्यों ने बड़ी संख्या में पूर्ण उत्साह से भाग लिया।



बैठक का आरंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। लिबर्टी के एमडी व ट्रस्ट के प्रधान शम्मी बंसल ने ट्रस्ट द्वारा सैक्टर-8 में निमार्णाधीन भव्य, उच्च श्रेणी और अद्भुत वास्तु कला से परिपूर्ण बहुमंजिला एवं बहुउपयोगी महाराजा अग्रसेन भवन के निर्माण की प्रगति एवं उसमें प्राप्त होने वाली सुविधाओं को प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार रूप से वर्णन किया। सचिव डा. पीके जैन ने ट्रस्ट द्वारा आमजन हेतु किए जा रहे विभिन्न समाजिक कार्यों की चर्चा की। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। बैठक में सर्वश्री शम्मी बंसल, डॉ. पीसी गुप्ता, बृज लाल गर्ग, प्रदीप बंसल, अमित गुप्ता सीए, देसराज गुप्ता, हेमराज मित्तल, अश्विनी अग्रवाल, जगमाल गुप्ता, भूषण गोयल, रत्न लाल बंसल, विनोद गुप्ता, ओपी गर्ग, पुनीत मित्तल, मनोज मित्तल, प्रवीण बंसल व आर्किटेक्ट तरुण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## बिजली गिरने से भोडवाल माजरी तक सभी सर्वर सिस्टम ठप

**गन्नौर। देर** रात हुई तेज बरसात के दौरान बिजली गिरने से राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन से लेकर भोडवाल माजरी तक सभी सर्वर सिस्टम ठप पड़ गए। जिसके चलते न तो टिकट वितरण का काम हो सका और रेलवे ट्रैक पर लगे सभी सिग्नल भी बंद हो गए। जिससे पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेनों का आवागमन बाधित हो गया। हालांकि ट्रेनों का आवगमन पूरी तरह से बंद नहीं हुआ, लेकिन सिग्नल बंद होने के कारण ट्रेन देरी से गंतव्य की ओर रवाना हो पाई। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## पशुपालन के लिए दी जाती है 25 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी

### पशुपालकों से किया पशु पालन से संबंधित योजनाओं का उठाएं लाभ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशु पालकों की आय बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। पशुधन इकाई स्थापना के लिए सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किया जाता है। पशु पालकों को पशु पालन के लिए 25 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाती है। पशु पालकों को दूध उत्पादन के लिए प्रेरित करने हेतू विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं। इस प्रतियोगिताओं में पांच से 30 हजार रूपए तक का ईनाम दिया जाता है।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप निदेशक डॉ. धर्मेन्द्र ने बताया कि विभाग द्वारा पशुधन इकाई स्थापना के लिए मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत फैमिली आईडी के अनुसार वार्षिक आय कम हो, उनके लिए प्रशासन के माध्यम से शिविरों का आयोजन कर पशु पालन के लिए आर्थिक सहायता राशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि दो गाय-भैंस पर सामान्य जाति के पशु पालक को 25 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति के नागरिकों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाती है। 16 बकरी-भेड़ पालन के लिए सामान्य जाति के व्यक्ति को 25 प्रतिशत व अनुसूचित जाति को 90 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाती है। 11 सूअर पालन के लिए सामान्य वर्ग को 25 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 50 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने बताया कि देशी मुर्गी के 50 चूजे के साथ-साथ दो-दो दाना-पानी के कटोरे भी मुक्त दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर के अलावा 20 से 50 पशुधन इकाई स्थापना के लिए सामान्य जाति के व्यक्तियों को लोन का ब्याज सब्सिडी के रूप में दिया जाता है।

उन्होंने बताया कि पशु पालकों को दुध उत्थान बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाती हैं। इन प्रतियागिताओं में पांच से 30 हजार रूपए तक पशु पालकों को इनाम दिया जाता है। पांच से आठ लीटर दूध देने वाली बेलाही गाय को पांच हजार, 8 से दस लीटर के लिए 10 हजार एवं 10 लीटर से ज्यादा दूध देने वाली गाय को 15 हजार रूपए का इनाम दिया जाता है। इसी प्रकार से हरियाणा गाय को 8 से 10 लीटर पर 10 हजार, 10 से 12 लीटर पर 15 हजार व 12 लीटर से ज्यादा दूध देने वाली गाय को 20 हजार रूपए का ईनाम दिया जाता है।

## कल्पना चावला मेडिकल कालेज में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज

### राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि के तौर पर होंगे शामिल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अंतर्राष्ट्रीय नशा** मुक्ति दिवस के अवसर पर 26 जून सोमवार को प्रातः 11 बजे करनाल के कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मुख्यातिथि के तौर पर शामिल होंगे।



कार्यक्रम में राज्यपाल जिला नागरिक अस्पताल स्थित मॉडल नशा मुक्ति केंद्र का भी निरीक्षण करेंगे और नशा मुक्ति केंद्र का लाभ ले रहे मरीजों से बात भी करेंगे। कार्यक्रम में हरियाणा के समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

कार्यक्रम में अधिक से अधिक से युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में नशा मुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विषय विशेषज्ञ नशे के दुष्प्रभावों के बारे उपस्थितजनों को जागरूक करेंगें। नुक्कड नाटक के माध्यम से रंगमंच के कलाकार नशा छोडने बारे अपील करेंगें। कार्यक्रम में नशा छोडकर मुख्य धारा में वापिस लोटने वाले भी नशा मुक्ति बारे अपने अनुभव सांझा करेंगे।

## नाबालिग के साथ यौन शोषण, शादीशुदा आरोपी ने बंधक बनाया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले में** एक नाबालिग को भगा ले जाने व यौन शोषण का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले नाबालिग को जबरन बंधक बनाकर रखा और बाद में जबरदस्ती शादी कर ली। यौन शोषण के बाद नाबालिग को छोड़ दिया गया। नाबालिग जब घर पहुंची तो उसने परिवार को आपबीती बताई, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार पीड़िता का आरोप है कि पिछले साल 25 अप्रैल 2022 को करनाल का ही एक युवक उसे बहला-फुसलाकर घर से भगा ले गया। उसे निसिंग में रखा गया और वहां उसके साथ यौन शोषण किया। जब पीड़िता ने उसे वहां से वापस घर ले जाने को कहा तो उसने उसे वहीं पर जबरदस्ती बंदी बनाकर रखा और लगातार यौन शोषण करता रहा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी के घरवालों ने उसे बहला-फुसलाकर उसकी शादी उससे करवा दी, जो कि पहले ही शादीशुदा था। करीब 8 महीने तक उसका यौन शोषण करने के बाद आरोपी ने उसे छोड़ दिया और फिर से अपनी पहली पत्नी के साथ रहने लगा। आरोपी व उसकी पत्नी के बीच पंचायती तौर पर तलाक हुआ था और यह तय हुआ था कि वह अपनी पत्नी को चार लाख रुपए देगा।

## गन्ना किसानों ने विधायक के सामने रखी शूगर मिल की समस्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कुंजपुरा व** करनाल ब्लॉक के यमुना बैल्ट के गाँवों के गन्ना किसानों ने करनाल सहकारी शूगर मिल में आ रही दिक्कतों को लेकर घरौंडा के विधायक हरविंदर कल्याण से मुलाकात की। लगभग 6-7 गाँवों के गन्ना किसान गाँव खैराजपुर में पूर्व सरपंच कुलविंदर सिंह के निवास पर इके हुए, जिनसे मिलने के लिए विधायक कल्याण पंहुचे। किसानों ने शूगर मिल प्रशासन द्वारा गन्ने के बांड के लिए करवाए जाने वाले सर्वे की कार्रवाई की प्रक्रिया पर असंतोष जताया है। उन्होंने विधायक कल्याण को बताया कि सरकार द्वारा करनाल शूगर मिल के नवीनीकरण करने के बाद मिल की पिराई क्षमता काफी बढ़ गई है, परन्तु उसके बावजूद भी काफी किसानों को अपना गन्ना दूसरी मिलों में लेकर जाना पड़ा है। उन्होंने बताया कि शूगर मिल प्रशासन द्वारा किए जाने वाले सर्वे की खामियों को जब तक दूर नहीं किया जाएगा, तब तक जो लाभ सरकार द्वारा देने का प्रयास किया जा रहा है, वह सुविधा किसानों को पूरी उपलब्ध नहीं हो पाएगी। उन्होंने यूपी के गाँवों को करनाल शूगर मिल के साथ जोड़े जाने पर विशेष रूप से आपत्ति जताई है, क्योंकि उसके कारण लोकल किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



उन्होंने बताया कि यूपी की तरफ से आने वाले किसानों के गन्ने के साथ-साथ उसकी आड़ में वहाँ के व्यापारी भी सस्ता गन्ना खरीद कर करनाल मिल में बेचते हैं।

विधायक हरविंदर कल्याण ने किसानों की पूरी बात सुनकर अधिकारियों से बात की तथा उन्हें विस्तार से इस विषय पर पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए। विधायक ने आए हुए गन्ना किसानों को भी आश्वासन दिया कि पूरी प्रक्रिया का विस्तार से अध्ययन किया जाएगा तथा जल्दी ही अधिकारियों के साथ बैठक करके जो भी खामियाँ हैं, उनको दूर करवाया जाएगा।

## संपादकीय

# अब दोहरे मोर्चे पर उलझे पुतिन

**रूस** में सैन्य विद्रोह हो गया। यह तथ्य अर्द्धसत्य हो सकता है। इसलिए कि विद्रोही 'वैगनर' लड़ाके रूस के पूर्णरूपेण सैनिक नहीं हैं। 'वैगनर' प्राइवेट आर्मी है। खास बात यह कि यूक्रेन युद्ध में यह रूस की ओर से मोर्चे पर थी। इसका चीफ येवगेनी प्रिगोझिन है। वह राष्ट्रपति पुतिन का नजदीकी रहा है। उसे उनका रसोइया भी कहा जाता है। रसोइया ही अब जान का दुश्मन बन गया। उसे नाटकीय ढंग से मनाया गया। 'वैगनर' ने विद्रोह किया। लड़ाके राजधानी मास्को की ओर बढ़े। ...और कुछ नजदीक तक पहुंचते कि उससे पहले ही उनके प्रमुख ने वापस लौटने का फरमान सुना दिया। यह कुल 36 घंटों से भी कम समय में हुआ। इस अवधि में दुनियाभर की निगाहें रूस पर टिक गईं कि राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का अब क्या होगा। यह सवाल तो आगे भी कायम रहने की उम्मीद है कि पुतिन का क्या होगा। अभी हाल में रूसी संविधान में हुए बदलाव के मुताबिक वे आजीवन राष्ट्रपति बने रह सकते हैं, पर यह तो सामान्य व्यवस्था है। जो कुछ हुआ है, वह सामान्य नहीं है। शुक्रवार रात और शनिवार देरशाम तक इस विद्रोह को तख्तापलट की कोशिश बताया गया। रूस में तख्तापलट नहीं हो सकता, ऐसा मानने वाले बहुत हैं। ऐसे लोगों को याद करना होगा कि विद्रोह के तौर पर तख्तापलट भले न हो, किंतु 1989 में जब सोवियत संघ कमजोर पड़ रहा था, ब्रेझनेव के खिलाफ भी विद्रोह हुआ था। तत्कालीन सोवियत संघ के 15 गणराज्य अपनी आजादी मांग रहे थे। मिखाइल गोवार्चेव डाचा में छुट्टियां मना रहे थे और इधर मास्को की सड़कों पर टैंक दौड़ने लगे थे। बोरिस येलत्सिन निर्वाचित राष्ट्रपति थे। उन्होंने नाटकीय तरीके से एक टैंक पर खड़े होकर शांति की अपील की थी। एक दिन बाद ब्रेझनेव राजधानी लौटे थे। इस घटना के बाद ब्रेझनेव का अवसान और येलत्सिन का उदय इतिहास की कड़ी है। तब धीरे-धीरे सोवियत संघ बिखरने लगा था। कुछ ही समय बाद 1993 में येलत्सिन को भी विद्रोह झेलना पड़ा। धुर वामपंथियों और कथित राष्ट्रवादियों के बीच विवाद संघर्ष की नौबत तक पहुंच गया। तब 21 सितंबर को उपराष्ट्रपति अलेक्जेंटर रित्सकोव को सत्ता सौंपने की मांग की गई थी। मेयर ऑफिस और टेलीविजन केंद्र पर विद्रोहियों का कब्जा हो चुका था। येलत्सिन के आदेश पर संसद के बाहर टैंकों ने गोले बरसाये थे। आधिकारिक तौर पर 148 और गैर अधिकृत सूत्र मारे गये लोगों की संख्या एक हजार से भी अधिक बताते हैं। सोवियत संघ के बिखराव की कहानी अब पुरानी हो चुकी है। ताजा विद्रोह के बाद इस तरह की कहानियों ने नया रूप ले लिया है। सोवियत संघ के बिखराव के बाद सर्वाधिक शक्तिशाली रूस भी एक बार लाचार दिखने लगा है। यह विद्रोह ऐसे समय हुआ है, जब रूस 16 महीने से भी अधिक समय से यूक्रेन से जूझ रहा है। इस संघर्ष में प्राइवेट आर्मी के तौर पर 'वैगनर' के मुखिया येवगेनी प्रिगोझिन ने रूस और उसके राष्ट्रपति पुतिन का साथ दिया। यूक्रेन के बखमुत शहर सहित कई प्रमुख ठिकानों पर कब्जे में प्रिगोझिन ने अहम भूमिका निभाई। फिर प्रश्न है कि पुतिन के 'करीबी' प्रिगोझिन ने विद्रोह की सीमा तक जाकर यहां तक क्यों कह दिया कि अब रूस को नया राष्ट्रपति मिलने जा रहा है।

# दूर की कौड़ी, विपक्षी की एकता

प्रेम शर्मा

> "अब जनाधार की बात की जाए तो अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने चुनौती पेश करने के लिए विपक्षी दल भले ही एकजुट होने की कोशिश कर रहे हों, लेकिन पुराने आंकड़े उन्हें परेशान करेंगे। 14 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को पिछले लोकसभा चुनाव में 50 फीसद या उससे अधिक वोट मिले थे।इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में लोकसभा की 330 सीटें हैं, जिनमें भाजपा और सहयोगी दल 298 सीटें जीतने में सफल रही थी और अकेले भाजपा ने 255 सीटें जीती थीं। ध्यान देने की बात है कि 543 सीटों वाले लोकसभा में बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत होती है"

**विपक्षी** दल एक बार फिर सक्रिय हुए है। पटना में विपक्षी दलों की बैठक में कोई बड़ी फैसला नही हो पाया। लेकिन इससे पूर्व बैठक को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती का तंज, अध्यादेश को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच मतभेद, बीआरएस के चन्द्रशेखर राव का कांग्रेस नेतृत्व न स्वीकार करने जैसे तमाम पेंच अभी से विपक्षी एकता के लिए फॉस बने हुए है। पटना में भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने का दम भर रहे विपक्षी दलों की पटना में जो बैठक हुई, वह किसी ठोस नतीजे पर पहुंचती नहीं दिखी। इस बैठक में इतना ही तय हुआ कि सभी दल मिलकर आम चुनाव लड़ेंगे, लेकिन आम आदमी पार्टी जिस तरह साझा प्रेस कांफ्रेंस से दूर रही, उससे यदि कुछ स्पष्ट हुआ तो यही कि विपक्षी एकता की राह आसान नहीं। आम आदमी पार्टी की ओर से यह भी कह दिया गया कि आगे विपक्षी एकता की जिस बैठक में कांग्रेस शामिल होगी, उसमें वह शामिल नहीं होगी। आगे जो भी हो, आम आदमी पार्टी विपक्षी एकता के लिए कोई बहुत अधिक इच्छुक नहीं। इसका कारण यह है कि दिल्ली के बाद पंजाब में सरकार बनाने और राष्ट्रीय दल का दर्जा पाने के उपरांत उसे लग रहा है कि वह कांग्रेस का स्थान ले सकती है। कुछ ऐसा ही हाल तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी का है उन्हें यह रास नहीं आ रहा कि कांग्रेस बंगाल में वाम दलों के साथ रहे। पटना की बैठक के बाद विपक्षी दलों ने यह तय किया है कि उनकी अगली बैठक शिमला में होगी और उसमें तय होगा कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा ? यह तय करना आसान नहीं, क्योंकि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को यह लग रहा है कि वह अपना खोया हुआ जनाधार फिर से हासिल कर रही है। विपक्षी एकता की यह पहली ऐसी कोशिश है, जिसमें क्षेत्रीय दल अपने साथ खड़े होने वाले राष्ट्रीय दल यानी कांग्रेस की कुबानी चाहते हैं। वे विपक्षी एकता की कमान अपने हाथ में केवल रखना ही नहीं चाह रहे हैं, बल्कि यह भी बता रहे हैं कि कांग्रेस को क्या करना चाहिए और क्या नहीं ? सबसे अहम बॉत तो देश के सर्वाधिक लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में देखी जा सकती है, यहॉ तो सभी विपक्षी दल एक तीर घाट तो दूसरा वीर घाट पर नजर आ रहा है। पटना में जुटे विपक्षी दल यही दोहराते रहे कि मोदी को हटाना है। आखिर यह कोई एजेंडा कैसे हो सकता है ? उनके पास इस सवाल का जवाब नहीं कि मोदी को हटाकर करना




क्या है? विपक्षी दलों ने यह भी दोहराया कि मोदी सरकार के कारण लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। जहां राहुल गांधी ने अपना यह घिसा-पिटा बयान दोहराया कि भाजपा और संघ देश की नींव पर आक्रमण कर रहे हैं, वहीं नीतीश कुमार ने मोदी सरकार पर देश का इतिहास बदलने का आरोप लगाया। किसी ने ईडी और सीबीआइ की सक्रियता का रोना रोया तो किसी ने यह आशंका जताई कि यदि भाजपा 2024 में फिर सत्ता में आ गई तो आगे चुनाव ही नहीं होंगे यानी भारत में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। अभी हाल में कांग्रेस ने हिमाचल और कर्नाटक में विधानसभा चुनाव जीते हैं। यदि मोदी लोकतंत्र खत्म करने में जुटे हैं, जैसा कि विपक्षी दल दावा कर रहे हैं तो फिर विभिन्न राज्यों में गैर भाजपा दल सत्ता में कैसे हैं? क्या लोकतंत्र इसलिए खतरे में है कि भाजपा लगातार दो बार लोकसभा चुनाव जीत गई ? वैसे तो विपक्षी दल एकजुट होकर साझा सरकार बनाने की ही कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम देने में नाकाम हैं।न्यूनतम साझा कार्यक्रम के नाम पर उनके पास कुछ है तो केवल यही कि मोदी को हटाना है। समस्या यह भी है कि उनके पास राष्ट्रीय दृष्टिकोण का अभाव है। राष्ट्रीय मुद्दों से अधिक वे क्षेत्रीय मुद्दों को अहमियत देते हैं। कई बार तो इतना अधिक कि राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे उनकी प्राथमिकता से बाहर हो जाते हैं। विपक्षी एकता की कोशिश इसके पहले भी हुई है, लेकिन अभी तक का अनुभव बहुत अच्छा नहीं रहा। विपक्षी दल चुनाव के समय एकजुट होने की कोशिश करते हैं और फिर बिखर जाते हैं। इस प्रक्रिया में वे पाला भी बदल लेते हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना आज विपक्ष में है और खुद को सेक्युलर बताने में लगी हुई है। कुछ यही हाल जनता दल यूनाइटेड का है। क्या यह विचित्र नहीं कि लंबे समय तक भाजपा के सहयोग से सत्ता में रहे नीतीश कुमार आज विपक्षी एकता के सबसे बड़े पैरोकार हैं ? भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने की पहल किस तरह क्षेत्रीय दलों की प्राथमिकताओं से टकरा रही है, इसका पता आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के इस कथन से चलता है कि पटना में होने जा रही बैठक में सबसे पहले उस अध्यादेश पर चर्चा हो, जो दिल्ली सरकार की सेवाओं को लेकर केंद्र सरकार लाई है। केजरीवाल चाह रहे हैं कि कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल इस अध्यादेश का विरोध करें, लेकिन कांग्रेसी नेता इसके लिए तैयार नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि दिल्ली और पंजाब में उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी से है।विपक्षी एकता संभव तो है, लेकिन किसी ऐसे दल के नेतृत्व में, जो राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रभाव रखता हो। ऐसा दल केवल कांग्रेस ही है। पटना बैठक को लेकर नीतीश कुमार और उनके सहयोगी चाहे जो दावा करें, इस तथ्य से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता कि इसमें न तो सभी विपक्षी दल शामिल हो रहे हैं और न ही यह स्पष्ट है कि पीएम पद का चेहरा कौन होगा ? अब जनाधार की बॉत की जाए तो अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने चुनौती पेश करने के लिए विपक्षी दल भले ही एकजुट होने की कोशिश कर रहे हों, लेकिन पुराने आंकड़े उन्हें परेशान करेंगे। 14 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को पिछले लोकसभा चुनाव में 50 फीसद या उससे अधिक वोट मिले थे।इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में लोकसभा की 330 सीटें हैं, जिनमें भाजपा और सहयोगी दल 298 सीटें जीतने में सफल रही थी और अकेले भाजपा ने 255 सीटें जीती थीं। ध्यान देने की बात है कि 543 सीटों वाले लोकसभा में बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत होती है।2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देखे तो छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा को अकेले 50 फीसद वोट मिले थे। वहीं बिहार और महाराष्ट्र में जदयू और शिवसेना जैसे सहयोगी दलों के साथ भाजपा 50 फीसद मत हासिल किया था।विधानसभा चुनाव हारने के छह महीने बाद हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा छत्तीसगढ़ में 51.4 फीसद वोट के साथ 11 में से नौ सीटें, राजस्थान में 59.1 फीसद वोट के साथ 25 में से 24 सीटें (एक सीट सहयोगी दल को) और मध्यप्रदेश में 58.5 फीसद वोट के साथ 29 में से 28 सीटें जीतने में सफल रही थी। वहीं, विधानसभा चुनाव में भाजपा को छत्तीसगढ़ में महज 33.6 फीसद, राजस्थान में 39.3 और मध्यप्रदेश में 41.6 फीसद वोट मिले थे।कर्नाटक में भी 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 36.2 फीसद वोट के साथ बहुमत से दूर रह गई थी, लेकिन एक साल बाद लोकसभा चुनाव में 51.7 फीसद वोट के साथ 28 में से 25 सीटें जीतने में सफल रही और एक सीट भाजपा समर्थित निर्दलीय ने जीता था।ध्यान देने की बात है कि चाहे लोकसभा का चुनाव हो या फिर विधानसभा का, भाजपा एक बार हासिल वोट फीसद हासिल करती है तो उसे बरकरार रखती है। पिछले महीने हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी देखा जा सकता है, जहां 65 सीटों पर सिमटने के बावजूद भाजपा का लगभग 36 फीसद वोट हासिल किया। हिमाचल प्रदेश, दिल्ली विधानसभा और एमसीडी चुनाव में भी यह रिकॉर्ड दिखा था। बात सिर्फ इन 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक सीमित नहीं है। 25 सीटों वाले आंध्रप्रदेश और 21 सीटों वाले ओडिशा में एकता की तलाश में जुटे विपक्षी दलों का जनाधार नहीं है। आंध्रप्रदेश में वाइएसआर कांग्रेस और ओडिशा में बीजेडी का जनाधार है, लेकिन दोनों दल राजग में नहीं होते हुए भी अहम मुद्दों पर संसद में मोदी सरकार के साथ खड़े होते हैं।

## कविता

### योग दिवस

योग दिवस है आज
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
आओ मिलकर योग करें
योग के प्रति जागरूकता बढ़ाकर
प्रधानमंत्री मोदी जी के निर्णय में सहयोग करें

योग दिवस है आज
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
सिर्फ आज ही क्यों इसे मनाए हम
क्यों न इसे हर रोज करके
अपने तन- मन को निरोग बनाए हम

योग दिवस है आज
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
आओ अब से हर रोज इसे मनाए हम
नित्य सबेरे योग करके
सुंदर और सुदृढ बन जाए हम!

उषा कुमारी साव

## नशा मुक्ति के लिए उठे बड़े कदम

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**आज** पूरी दुनिया नशे के चंगुल में फंसी हुई है। दुनिया का कोई भी ऐसा देश नहीं है जहां के लोगों को नशे कि लत नहीं लगी हो। भारत में तो स्थिति और भी बदतर हो रही है। यहां की बहुत बड़ी आबादी नशे की गिरफ्त में आ चुकी है। विशेषकर युवा वर्ग में बढ़ती नशाखोरी की प्रवृत्ति समाज व राष्ट्र के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। नशे की लत के कारण बहुत से नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो चुका है। हमारे देश में नशा करने वाले युवा पीढ़ी के लोग अब चरस, हेरोइन, कोकीन,अफीम जैसा खतरनाक नशा करने लगे। देश भर में नशे का सामान बेचने वाले बड़े-बड़े नशा माफिया पनप गए हैं। जो स्कूलों, कॉलेजों में कम उम्र के नौजवानों को नशे का सामान बेचते हैं। घर से बाहर रहकर पढ़ने वाले बहुत से छात्र इन नशा माफियाओं के चंगुल में फंसकर नशे की लत के शिकार हो जाते हैं। जब तक उनके घर वालों को असलियत का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। नशीले पदार्थों के निवारण के लिए प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया जाता हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में 7 दिसम्बर 1987 से इसे मनाने का निर्णय लिया था। इसका उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना हैं। यह अच्छी बात है कि इस दिन लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। लोगों को सचेत किया जाता है, सावधान किया जाता है। मगर जब तक समाज व सरकार नशे को जड़ से समाप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही नहीं करेगी तब तक नशे का व्यापार फैलता ही रहेगा। भारत में भी सरकार ने विभिन्न प्रकार के नशे के सामान की बिक्री पर रोक लगा रखी है। कई कानून भी बनाए हैं। मगर उन पर प्रभावी अमल नहीं हो पाता है। जिसके चलते खुलेआम नशे का कारोबार होता है। आज देश में कहीं से कोई भी व्यक्ति नशे का कोई भी सामान खरीद सकता है। उसे ना कोई रोकने वाला है ना कोई टोकने वाला है। नशे का सामान बेचने वाले सौदागर दिनों दिन धनवान होते जा रहे हैं। जिस कारण से उनका पुलिस व प्रशासन पर पूरा प्रभाव रहता है। जिसकी बदौलत वह शासन, प्रशासन से मिलकर सरेआम धड़ल्ले से अपना धंधा करते रहते हैं। नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ हमारा समाज भी जागरुक नहीं है। नशे की लत के चलते पंजाब जैसा संपन्न प्रांत नशेड़ियों का प्रदेश कहलाने लगा था। वैसी ही स्थिति आज देश के अधिकांश प्रदेशों की हो रही है। नशे को लेकर पंजाब जब सुर्खियों में आया तो पूरे देश का ध्यान उस तरफ गया और वहां नशे के कारोबार पर कुछ हद तक अंकुश लग पाया। वैसा ही हमें पूरे देश में करना होगा तभी नशे की तरफ जा रही हमारी युवा पीढ़ी को भटकने से रोका जा सकेगा। कहते हैं कि नशा हर अपराध की जड़ होता है। नशेड़ी व्यक्ति कोई भी बुरे से बुरा काम करने से नहीं झिझकता सकता है। अधिकांश अपराध नशे की धुन में ही किए जाते हैं।

## विचार

## पैदा हों भारत में नंदन नीलेकणि जैसे दर्जनों दानवीर

**आर.के. सिन्हा**

**इंफोसिस** टेक्नोलॉजीज के सह - संस्थापक नंदन नीलेकणि ने देश के धन कुबेरों के समक्ष एक अद्भुत मिसाल कायम की है। उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) बॉम्बे को 315 करोड़ रुपए दान कर दिये हैं। ये भारत में किसी भी पूर्व छात्र की ओर से अपने इंस्टीट्यूट या कॉलेज को किया गया सबसे बड़ा दान है। इससे पहले भी, उन्होंने आईआईटी बॉम्बे को 85 करोड़ रुपए दान किया था। यानी अब तक वो आईआईटी बॉम्बे को 400 करोड़ रुपये का दान कर चुके हैं। वे इसी संस्थान के छात्र रहे हैं। दरअसल देश के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्लायों के सफल छात्रों को अपने शिक्षण संस्थानों की आर्थिक मदद करनी भी चाहिए। इन संस्थानों को सरकार की मदद के सहारे पर नहीं छोड़ा जा सकता है। सरकार की अपनी सीमाएं हैं। अमेरिका में पूर्व छात्र अपने कॉलेजों और विश्व विद्लायों की भरपूर मदद करते हैं। पूर्व छात्रों की मदद से ही उनके शिक्षण संस्थानों में रिसर्च और दूसरी सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं। आगे बढ़ने से पहले बता दें कि नीलकेणी की सबसे बड़ी कामयाबी आधार कार्ड है। देश के हर नागरिक को एक विशिष्ट पहचान संख्या या यूनिक आइडेंटीफिकेशन नम्बर को उपलब्ध करवाने की योजना को उन्होंने ही सफलतापूर्वक लागू करवाया । तो हम पहले बात कर रहे थे कि समाज के सफल लोगों, जिनमें उद्मयी, कारोबारी, नौकरशाह आदि शामिल हैं, को उन शिक्षा के मंदिरों का साथ देना चाहिए जहाँ से वे पढ़े हैं और आज सफल उद्यमियों में शुमार हैं। देखिए, नंदन नीलेकणि सिर्फ मुनाफा कमाने वाले उद्यमियों में से नहीं हैं। वे बार-बार साबित करते हैं कि वे अलग तरह के उद्यमी हैं। भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के आईटी सेक्टर में अपनी खास पहचान रखने वाली इंफोसिस टेक्नोलॉजी ने अपनी स्थापना के 30 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए अपने हजारों कर्मियों को ई-सोप्स के तोहफे से नवाजा था। कंपनी के कर्मियों को उनके कार्यकाल के साल के आधार पर ई-सॉप्स दिया गया था। इंफोसिस ने ही देश में ई-सॉप्स की परम्परा चालू की थी। भारत के आईटी सेक्टर के पितृ पुरुष यानी एन.नारायणमूर्ति और नंदन नीलेकणि जैसी गजब की शख्सियतों के मार्गदर्शन में आई टी सेक्टर की सबसे सम्मानित बनी इस आईटी कंपनी ने ई-सॉप्स की शुरूआत की थी। कहने की जरूरत नहीं है कि इंफोसिस के इस फैसले से मुलाजिमों में मालिकाना हक की भावना पैदा हुई। तो बहुत साफ है नीलकेणी कुछ हटकर ही करते रहते हैं। इस बीच, सबको पता है कि भारत या भारत से बाहर जाकर बड़ी कामयाबी हासिल करने वालों में आईआईटी में पढ़े छात्रों की तादाद बहुत अधिक है। एन. नारायणमूर्ति खुद आईआईटी कानपुर से हैं। ट्वीटर के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल भी पढ़े हैं आईआईटी, मुंबई में। इसने देश-दुनिया को चोटी के सीईओ से लेकर इंजीनियर दिए हैं। आप नए उद्यमियों, खासतौर पर ई-कॉमर्स से जुडी बात करें, और सचिन बंसल और बिन्नी बंसल की चर्चा न करें ये तो नहीं हो सकता। इन दोनों ने फ्लिपकार्ट की स्थापना की थी। ये दोनों आईआईटी, दिल्ली में रहे। भारत में पहली आईआईटी की स्थापना कोलकाता के पास स्थित खड़गपुर में 1950 में हुई थी। भारत की संसद ने 15 सितंबर 1956 को आईआईटी एक्ट को मंजूरी देते हुए इसे "राष्ट्रीय महत्व के संस्थान" घोषित कर दिया। इसी तर्ज.पर अन्य आईआईटी मुंबई ( 1958), मद्रास ( 1959), कानपुर ( 1959), तथा नई दिल्ली ( 1961) में स्थापित हुईं। फिर गुवाहाटी में आई आई टी की स्थापना हुई। सन 2001 में रुड़की स्थित रुड़की विश्वविद्यालय को भी आईआईटी का दर्जा दिया गया। आईआईटी में पढ़े विद्यार्थी सारी दुनिया में छाए हुए हैं। ये सब मोटी पगार ले रहे हैं या फिर अपना बिजनेस करके खूब कमा रहे हैं। इन सबको भी अपनी आईआईटी के अलावा उन स्कूलों की भी मदद करनी चाहिए जहाँ से पढ़े हैं। ये याद रखा जाना चाहिए कि किसी भी इंसान की ज्ञान पाने की नींव तो उसके स्कूल में ही रखी जाती है। इसलिए स्कूलों के महत्व को समझा जाना चाहिए। हमें अपनी सभी कॉलेज और विश्वविद्लायों को सेंट स्टीफंस कॉलेज,आईआईटी और आईआईएम के स्तर का बनाना होगा। इन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस करना होगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## अखंड भारत की अंतर्ध्वनि के मध्य सुलगता मणिपुर?

**तनवीर जाफरी**

**विगत** लगभग दो महीने से भारत का प्रमुख पुर्वोत्तरीय सीमावर्ती राज्य मणिपुर हिंसा की अभूतपूर्व आग में जल रहा है। यहां फैली अराजकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई सेनाधिकारी मणिपुर की तुलना सीरिया, लेबनान व नाइजीरिया जैसे अशांत देशों के हालात से कर रहे हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के एक केंद्रीय मंत्री,मणिपुर राज्य की भाजपा सरकार के राज्य मंत्री ,भाजपा के कार्यालय और भाजपा विधायकों के घर उपद्रवियों द्वारा आग के हवाले किये जा चुके हैं। खबरों के अनुसार एक हजार से अधिक घर फूंके जा चुके हैं जबकि 30 हजार से भी ज्यादा लोग शरणार्थी शिविरों में रहने को मजबूर हो चुके हैं। स्थानीय मैतीय व जनजातीय कुकी समुदाय के बीच एसटी का दर्जा दिए जाने को लेकर आये एक अदालती फैसले के बाद छिड़ी हिंसा इस स्तर तक पहुँच गयी कि वहां सत्ता से लेकर शासन प्रशासन ,पुलिस आदि सभी जगहों पर जातीय स्तर पर विभाजन की रेखायें खिंच गयी हैं। खबरें तो यहाँ तक हैं कि सुरक्षा बलों व पुलिस ने अपनी अपनी जातियों के लोगों को संवेदनशील हथियार तक बाँट दिए हैं। कुछ चतुर राजनीतिज्ञ व विश्लेषक इस हिंसा को हिन्दू व ईसाई संघर्ष के रूप में भी परभाषित कर रहे हैं और ईसाई मिशनरी द्वारा कथित तौर पर कराये जाने वाले धर्मांतरण को इस हिंसा का कारण बता रहे हैं। और इस तरह का विश्लेषण करने वाले लोग एक बार फिर पंडित नेहरू को वर्तमान मणिपुर संकट का जिम्मेदार बताने की कोशिश में भी जुट गए हैं। बहरहाल चीन व म्यांमार जैसे देशों के सीमावर्ती इस अशांत राज्य में अब तक दो सौ से अधिक लोगों के मारे जाने व तीन हजार से ज्यादा लोगों के ज़ख़्मी होने का भी समाचार है। परन्तु मणिपुर में तो डबल इंजन की सरकार है? केंद्र व राज्य दोनों ही जगह भारतीय जनता पार्टी सत्तारूढ़ है? भाजपा तो स्वयं राज्य के विकास के लिये 'डबल इंजन ' की सरकार यहाँ तक कि भाजपा स्थानीय स्वायत शासन,जिला परिषद् व नगर निगम /पालिकाओं के चुनाव में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की अपील जनता से यही बताकर करती है कि एक ही पार्टी की सरकारों से विकास होगा,कानून व्यवस्था सुधरेगी आम लोगों की सभी जरूरतें पूरी होंगी आदि। फिर क्या वजह है कि मणिपुर इतना जलने लगा कि उस की तुलना सीरिया, लेबनान व नाइजीरिया जैसे देशों के हालात से की जाने लगी ? पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर को जलता हुआ छोड़कर अमेरिका का दौरा किया।

## चैट जीपीटी एआई और कुर्सी कथा

**रामविलास जांगिड़**

चैट जीपीटी उर्फ एआई उर्फ कृत्रिम बुद्धिमत्ता को दलदल पार्टी के आलाकमान ने अपनी दोनों स्वार्थ भरी आंखों की कमानों को गीले करते हुए पूछा- "हे चैट जीपीटी देव! मेरे पास मंत्री पद की एक टूटी हुई कुर्सी है और एक अन्य विरोधी पार्टी के पास मुख्यमंत्री के रूप में एक साबुत कुर्सी है। मेरी नजर इस साबुत कुर्सी पर गड़ी हुई है। मेरे पास एक बहुत बड़ी जाति की लकड़ी का डंडा भी है और मैं साबुत कुर्सी पर बैठना चाहता हूं। मुझे क्या करना चाहिए?" फटाक देनी सी चैट जीपीटी देवता ने अपना व्याख्यान दिया- "हे दलदल पार्टी के स्वार्थ भरे कमान देव! हे महागठबंधन को महान ठगबंधन में परिवर्तित करने वाले प्रभु श्री! आप को समझाना और ऊंट को मोटर में बिठाने के समान होगा। आपको ट्यूशन देने से अच्छा है कि मैं किसी कुत्ते को ज्ञान गंगा में नहला दूं। आप रंग बदलने की ट्यूशन में गिरगिट के भी बाप लगते हो। फिर भी आपका आदेश मेरे सिर हाथ व आंखों पे है। यहां कुछ प्रस्तावित सूची है जो आपकी सहायता कर सकती है। कुर्सी को ठीक करें- यदि टूटी हुई कुर्सी के सारे टुकड़े आपके हैं तो आप उन्हें कुर्सी पर बिठाने का सपना दिखाकर उन्हें एक साथ जोड़कर कुर्सी को ठीक कर सकते हैं। आप संकल्प करें कि आप इस कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। यही संकल्प दोहरा कर आप उन्हीं से कुर्सी ठीक करवा लें। (यह तो पक्का है कि कुर्सी पर आप ही को बैठना है। आपका संकल्प, सत्य, वादादि आपने जाने कितने बार तोड़ दिया है। वैसे ही आप इसे भविष्य में तोड़ देंगे। यही आपका अपना निजी संकल्प है।) आपके अपने सामर्थ्य से अपनी जाति के बड़े डंडों, अपने क्षेत्र के स्वार्थी बल व देश सेवा के सुहावने बोल्ट का उपयोग करके कुर्सी को बांध लीजिए।

वैकल्पिक बैठने का तरीका- यदि कुर्सी को ठीक करना संभव नहीं है, तो आप अलग तरीकों से साबुत कुर्सी पर बैठ सकते हैं। उदाहरण के लिए, आप अपने ढंग की जातियों के डंडे का उपयोग करके साबुत कुर्सी को टिकाने का प्रयास कर सकते हैं। अपनी जाति का डंडा दिखाकर टूटी हुई कुर्सी विरोधी के ऊपर फेंक सकते हैं। इसी छीना झपटी में आप साबुत कुर्सी पर आराम से बैठ सकते हैं।

# पन्ना प्रमुख 15 परिवारों का मुखिया : बिप्लव

## केन्द्र सरकार ने अपने 9 वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक फैसलों से देश के विकास को मिली नई दिशा

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**मोतीलाल नेहरू** खेलकूद विद्यालय राई के क्रिकेट मैदान में शनिवार को भाजपा का पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लव देव ने बतौर मुख्यअतिथि सम्मेलन में शिरकत की। सम्मेलन में बिप्लव देव ने पन्ना प्रमुखों को संबोधित करते हुए कहा कि पन्ना प्रमुख केवल एक घर का नहीं बल्कि 15 परिवारों का मुखिया है। पन्ना प्रमुखों को चाहिए कि वे प्रत्येक दिन 15 परिवारों के घर के सामने जाकर उनका हाल चाल पूछे। यदि यह धरातल पर हो गया तो भाजपा को हरियाणा से कोई सत्ता से बाहर का रास्ता नहीं दिखा सकता। भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने कहा कि विपक्ष को



सत्ता से बाहर क्यों किया गया इसके लिए विपक्ष को आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष की न तो विकास करने की नीयत है और न ही नीति जिसके कारण जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया है। वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे विश्व में भारत का गौरव बढ़ाया है। भारत देख का कुशल नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को विश्व गुरू बनाने की ओर कदम बढा रहे है। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने अपने 9 वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक फैसलों से देश के विकास को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते है। भारतीय जनता पार्टी का एक-

**8 भाजपा संभवत विश्व की अकेली राजनीतिक पार्टी है, जिसके पास कार्यकर्ताओं की ऐसी विशाल सेना है : मोहनलाल**

एक कार्यकर्ता पार्टी की आन-बान और शान है। सम्मेलन के संयोजक प्रदेश महामंत्री एवं विधायक मोहनलाल बडौली ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लव देव को एक गदा देकर सम्मानित किया। प्रदेश महामंत्री एवं विधायक मोहनलाल बडौली ने कहा कि भाजपा संभवत विश्व की अकेली राजनीतिक पार्टी है, जिसके पास कार्यकर्ताओं की ऐसी विशाल सेना है। हर घर तक हमारे कार्यकर्ताओं की पहुंच है। उन्होंने कहा कि बड़े नेताओं को पन्ना प्रमुख बनाने के पीछे पार्टी की सोच यह है कि पार्टी का यह संदेश हर कार्यकर्ता तक जाना चाहिए कि कार्यकर्ताओं की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। इस दौरान सांसद रमेश कौशिक, राई विधायक मोहनलाल बड़ौली, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, मुख्यमंत्री हरियाणा के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, पंडित उमेश शर्मा, तीर्थ राणा, माईराम कौशिक, देवेन्द्र कौशिक, पुनीत राई, योगेश जठेडी, ललित बत्रा, आजाद नेहरा, मंडल प्रधान अशोक भारद्वाज, अरूण चौहान, मुकेश बसोदी, अशोक कौशिक खेवडा, वेदपाल शास्त्री, राजू शर्मा, अजय दहिया, चेयरमैन प्रदीप, सीमा सबोली, पार्षद विक्रांत चौहान, अशोक शर्मा औरंगाबाद, सुरेन्द्र अत्री सहित राई विधानसभा क्षेत्र के पन्ना प्रमुख मौजूद रहे।

# गठबंधन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है : दीपेंद्र हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**सांसद दीपेन्द्र** हुड्डा ने समालखा हलके के गांव आट्टा में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत आयोजित जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। भारी बारिश के बावजूद वहाँ बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़ को देखकर गदगद हुए सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि जनभावनाओं को देखकर मैं विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि इस सरकार के दिन लद गए हैं और इसकी उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। सरकार में बैठे लोग दोनो हाथों से लूट रहे हैं। इस सरकार में शराब घोटाले से लेकर रजिस्ट्री घोटाला, पेपर लीक, खनन घोटाला, धान घोटाला, भर्ती घोटाला समेत हर रोज एक नया घोटाला सामने आता है। इस सरकार ने हर वर्ग का अपमान, तिरस्कार करने का काम किया है। किसान, नौजवान, कर्मचारी, व्यापारी, सरपंच समेत कोई ऐसा वर्ग नहीं बचा जो सरकार के खिलाफ सड़कों पर न आया हो, कोई ऐसा वर्ग नहीं बचा जिसको इस सरकार ने अपमानित न किया हो। उन्होंने कहा कि इस सरकार के कारनामों से दुःखी जनता भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार के कामों को याद कर रही है। कार्यक्रम का आयोजन समालखा विधायक धर्म सिंह छोक्कर ने किया था। इस दौरान विभिन्न पार्टियों के दर्जनों नेताओं, कार्यकताओं ने अपनी पार्टियों को छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सभी का पार्टी में साथ आने पर स्वागत किया और उनको पूरा मान-सम्मान देने का भरोसा दिया। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने हाथ से हाथ जोड़ो के संकल्प दोहराते हुए कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो यानी हरियाणा के हर भाई को प्रेम की डोर से जोड़ो और बीजेपी का घमंड तोड़ो, किसान को एमएसपी गारंटी से जोड़ो, नौजवानों को खाली पड़े 2 लाख सरकारी पदों पर पक्की भर्ती और रोजगार से जोड़ो। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम से और बुजुर्गों को देश में सबसे ज्यादा 6000 रुपये बुढ़ापा पेंशन से जोड़ो। गरीब परिवारों को 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट व 2 कमरे के मकान से जोड़ो। हर परिवार को 300 यूनिट फ्री बिजली से जोड़ो। खिलाड़ियों को पदक लाओं पद पाओ नीति से जोड़ो, आढ़तियों को पुरानी मंडी व्यवस्था से जोड़ो, हर गृहणी को 500 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर से जोड़ो, ओबीसी वर्ग की आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख से जोड़ो, हाथ से हाथ जोड़ो यानी प्रदेश के हर गाँव शहर को पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार के समय वाले विकास, खुशहाली की रफ्तार से जोड़ो।
इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक धर्मसिंह छौक्कर, विधायक बलबीर बाल्मिकी, पूर्व मंत्री महेंदर कादियान, संजय अग्रवाल, खुशीराम जागलान, कंवर सिंह छौक्करं, करण सिंह कादियान, जितेन्दर अहलावत, हरि सिंह एडवोकेट, सरपंच आट्टा दिलबाग, सुरेंदर दहिया, जसमेर कुंडु, महिपाल सुबेदार, बिजेंदर कुटानी, अमर सिंह रावल, अरविंद ढांढा, सुमित घनघस, श्रीप्रकाश बंसल, राजीव कुहर, गगन सेठी, संजय बेनीवाल डॉ. प्रीतम सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना से आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं : डीसी

**पानीपत : प्रदेश** सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओ का संचालन कर रही है, जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा महिला सशक्तिरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है, जिसका महिलाओं को बढचढ कर लाभ उठाना चाहिए। डीसी ने बताया कि इस योजना का लाभ महिलाओ को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो, महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह योजना महिलाओ को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। डीसी ने बताया की योजना के माध्यम से महिलाओ को तीन लाख तक का ऋण सात प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाएगा। इस ऋण के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेगी। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय हरियाणा महिला विकास निगम पानीपत में भी पर संपर्क किया जा सकता है ।

### काम्यकेश्वर तीर्थ का जीर्णोद्धार और विकास कार्यों का तैयार किया जाएगा रोडमैप : उपेंद्र

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**कुरुक्षेत्र** विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि काम्यकेश्वर तीर्थ का जीर्णोद्धार और सरोवर का नवीनीकरण कराया जाएगा। तीर्थ की महत्ता बारे पर्यटकों व श्रद्धालुओं को अवगत कराया जाएगा ताकि आवागमन बढ़े। इसके साथ ही तीर्थ पर विकास कार्यों का रोडमैप तैयार कर जल्द ही अमलीजामा पहनाया जाएगा। रविवार को मानद सचिव ने काम्यकेश्वर तीर्थ पर शुक्ला सप्तमी के पावन अवसर पर आयोजित मेले में विश्व शांति महायज्ञ में पूर्णाहुति डाली। विश्वशांति महायज्ञ में राज्यमंत्री संदीप सिंह के पिता गुरचरण सिंह, जयराम आश्रम से ब्रह्मचारी सत्यवान, ब्रह्मचारी रोहताश, जयराम संस्था के ट्रस्टी केके कौशिक व राजेंद्र सिंगला, ब्लाक समिति के पूर्व चेयरमैन देवीदयाल घराड़सी ने भी पूर्णाहुति डाली। रविवारीय सप्तमी पर श्रद्धालुओं ने काम्येश्वर तीर्थ में श्रद्धा की डुबकी लगाई। तीर्थ में स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने दूध, दही, गंगाजल आदि चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की। तीर्थ पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ब्राह्मणों ने विश्व शांति यज्ञ किया। यज्ञ के उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ। उसमें साधु-महात्माओं और ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। केडीबी मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि तीर्थ पर पार्किंग स्थल को पक्का कराया जाएगा। मेले के दौरान आयोजित होने वाले भंडारा स्थल पर शैड डलवाया जाएगा। काम्यकेश्वर तीर्थ के जीर्णोद्धार को लेकर कमोदा के ग्रामीणों ने मानद सचिव को मांग पत्र भी सौंपा। ग्रामीणों ने मांग कि केडीबी से चलने वाली तीर्थ दर्शन बसों का रूट कमोदा तीर्थ के लिए भी बनाया जाए। केडीबी योजना तालाब के नवीनीकरण से लेकर नया भवन बनाने की है, इससे आने वाले दिनों में मंदिर की शोभा बढ़ेगी और श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा होगा। महाभारत कालीन काम्यकेश्वर तीर्थ पर शुक्ल पक्ष रविवारीय सप्तमी के दिन पूजन का विशेष महत्व है। पुराण में वर्णित है कि शुक्ल पक्ष की रविवारीय सप्तमी के दिन स्नान करने के लिए पाडवों ने काफी लंबा इतजार किया फिर भी उनको इस दिन स्नान करने का सौभाग्य नहीं मिला।
ग्रामीण सुमिंद्र शास्त्री ने बताया कि इस स्थान पर मात्र प्रवेश से ही मनुष्य मोक्ष की प्राप्ति कर पुण्य का भागी बनता है। वनवास के दौरान पाडव आठ वर्ष 11 मास तक इसी धरा पर रहे। उनके साथ 10 हजार के करीब शास्त्रोतियानिष्ठ ब्राह्मण रहते थे, जो नित्य प्रति भगवान शिव का अभिषेक व अनुष्ठान किया करते थे। नीतिवेता विदुर जी, वेदव्यास जी, मारकंडेय जी एवं लोमहर्षण ऋषि जी नित्यप्रति महापुरुषों के जीवन का वृतात इसी धरा पर बताते थे। ग्रामीण सुखदेव शर्मा ने बताया कि पांडवों के वंशज अपने पितरों की मुक्ति एवं मनोकामना के लिए शुक्ल सप्तमी का इंतजार करते रहे। रविवार को तीर्थ के पवित्र सरोवर पर सुबह श्रद्धालुओं ने स्नान किया और शिवलिंग पर अभिषेक किया। मंदिर में विश्व शांति यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। मंदिर परिसर में कई दुकानें भी लगी, जिस पर लोगों ने खरीदारी की।

# कांग्रेस के शासनकाल में सभी वर्गों को दिया गया बराबर का सम्मान : एडवोकेट मनोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रदेश** महासचिव राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस के एडवोकेट मनोज गोहाना ने आज गोहाना हल्के के गांव दमकन खेड़ी में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राहुल गांधी की चिट्ठी सभी उपस्थित साथियों को दी। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।
मनोज गोहाना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आमजन की हितेषी रही है ।कांग्रेस के शासनकाल में गरीब, किसान ,मजदूर ,व्यापारी वर्ग को



बराबर का मान सम्मान किया गया था लेकिन अब प्रदेश की जनता चुनाव का इंतजार कर रही है ताकि गठबंधन सरकार के कुशासन से मुक्ति मिल सके। मनोज गोहाना ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश का युवा वर्ग आज बेरोजगार है। महंगाई आसमान छू रही हूं, किसान परेशान है, और सारी संपत्ति चंद उद्योगपतियों के कब्जे में जा रही है। राहुल गांधी ने अपनी चिट्ठी में लिखा है और कांग्रेस कार्यकर्ता इसे घर घर पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं । हाथ से हाथ जोड़ यात्रा से यह विश्वास हो गया कि नफरत की राजनीति की अपनी सीमाएं हैं और यह ज्यादा दिन तक नहीं चल सकती। इस मौके पर , अजमेर सरपंच, निशांत, जसमेर, सुमित,विष्णु, सुनील,आशीष, युद्धवीर, मंजीत, सोनू, रितिक, टिंकू, दीपक, बलबीर, जगमेंद्र, विशु, कृष्ण, मोनू आदि मौजूद रहे।

# बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरते आमजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा है कि बरसात के मौसम दौरान फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी रखनी जरूरी है। लापरवाही के चलते डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी बीमारी भी खतरनाक साबित हो सकती है। साफ वातावरण बेहद जरूरी है। इसलिए सभी को मिलकर सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गंदगी के कारण भी बीमारी फैलने का डर बना रहता है। हालांकि प्रशासन की ओर से सफाई की व्यवस्था की जाती है फिर भी लोगों का सहयोग हर क्षेत्र में जरूरी है।
सीएमओ सुखबीर सिंह ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोगों को मिलकर बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रयास करने चाहिएं। जनजागरण बहुत कारगर होता है और लोगों को अपनी व अपने परिजनों के स्वास्थ्य के लिए आगे आना चाहिए। बरसात के मौसम में विभिन्न स्थानों पर पानी जमा हो जाता है और उसमें मच्छर पनपने लगते हैं। यही मच्छर डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारी का कारण बनते हैं। इसलिए अपने आस पास पानी को एकत्रित ना होने दें। हर सप्ताह अपने कूलर आदि के पानी के टैंक को साफ करें।

# हलके में जन सेवा को लेकर निशुल्क बस सेवा उपलब्ध करवाते रहेंगे : जयभगवान

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**क्षेत्र के** खुर्मपुर गांव से हरिद्वार में गंगा पवित्र स्नान के लिए आंतिल बाहरा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने 16वीं फ्री बस यात्रा को रवाना किया है। यात्रा रवाना करते समय सभी ने गंगा माता के जयकारे लगाए और परिवार की सुख समृद्धि की मनोकामना की। आंतिल बाहरा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने कहा कि उनकी निष्ठा है क्षेत्र का कोई भी ग्रामीण हरिद्वार में पवित्र स्नान करने से वंचित न हो। उसको लेकर लगातार क्षेत्रवासियों की जनसेवा को लेकर हरिद्वार के लिए फ्री बस यात्रा की सुविधा दी जा



रही है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 15 बस उनकी तरफ से गंगा स्नान के लिए भेजी जा चुकी हैं। वहीं वृंदावन में कई दिन आयोजित हुई श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण के लिए बस भेजी जा चुकी है। यह समाजसेवा का कार्य उनकी तरफ से आगे भी जारी रहेगा। बस में सवार हुए कविता, कला, संतोष, रीना, रवि आंतिल, जगदीश, राजकुमार व सुरेन्द्र ने कहा कि जयभगवान आंतिल ने हरिद्वार के लिए फ्री बस यात्रा कि सुविधा दी है। यह लोगों को काफी अच्छी लग रही है।

# पेंशनर्स की मांगों की अनदेखी सरकार को महंगी पड़ेगी : मंगतराम

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर यूनिट कुरुक्षेत्र की मासिक बैठक पंजाबी धर्मशाला में मंगतराम मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मंगतराम मेहता ने सरकार को चेताया की बिजली बोर्ड के पेंशनर्स की मांगों की अनदेखी सरकार को महंगी पड़ेगी। इस मीटिंग में पेंशनर्ज की मांगों के प्रति सरकार के ढुलमुल रवैए की घोर शब्दों में निंदा की गई। हम सरकार को आगाह करते हैं कि पेंशनर्ज की निम्नलिखित मांगों को अविलंब लागू किया जाए अन्यथा इसकी भयंकर परिणाम भुगतने होंगे।

# मेयर निखिल मदान ने जीवन नगर के राम मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर निगम** मेयर निखिल मदान रविवार को शहर के जीवन नगर राम मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए और अन्य श्रद्धालुओं के साथ बैठकर भागवत कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर कथा में मौजूद श्रद्धालुओं को अपने सम्भोदन में मेयर निखिल मदान ने कहा कि श्रीमदभागवत कथा के श्रवण मात्र से ही इंसान का जीवन सुखमयी हो जाता है औ? सर्वश्रेष्ठ पुण्य की प्राप्ति होती है।
मेयर निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत शहर में धर्म की बढ़ती



लोकप्रियता इस बात का प्रमाण है कि लोगों की धर्म के प्रति आस्था युगों युगों से चली आ रही है । यहाँ तक कि द्वापरयुग में भी भगवान श्री कृष्ण ने हरियाणा की भूमि को धर्मनगरी के रूप में चुना। भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी के लिए मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं । इस अवसर पर कथावाचक व्यास पं योगेंद्र जी वृंदावन ने भक्तों को श्री कृष्ण जी के जीवन से जुड़ी कथाओं के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि आज कलयुग के इस दौर में श्रीमद भागवत कथा का श्रवण मात्र ही इंसान को पापमुक्त कर देता है। इसलिए हर इंसान को आज सद कर्म के पथ पर चलना चाहिए। कथा व्यास पं योगेंद्र वृंदावन और गुरु सुरेश वत्स ने इस अवसर पर नगर निगम मेयर निखिल मदान को आशीर्वाद दिया औ? कथा वाचन किया ।
मेयर निखिल मदान ने इस अवसर पर अन्य श्रद्धालुओं के साथ बैठकर कथा सुनी। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण भगवान अपने हर भक्त की मनोकामना पूरी करते हैं।इसलिए हमें अपनी दिनचर्या में कुछ समय ऐसे आयोजनों में जरूर व्यतीत करना चाहिए।

# 'श्री मद्भागवत कथा मानव को जीने की राह सिखाती है'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**श्री मद्भागवत** कथा मानव को जीने की राह सिखाती है, हमारी समस्याओं का समाधान करती है, भागवत कथाओं के आयोजनकताओं एवं श्रोताओं का कल्याण होता है, हमें भागवत श्रवण करके एक-एक श्लोक पर मनन करके जीवन में उतारना चाहिए तभी भागवत कथा का आयोजन सार्थक होगा।
जीवन नगर स्थित राम मंदिर में श्री बांके बिहारी तथा समस्त कॉलोनी निवासियों द्वारा, श्री मद्भागवत कथा में पहुंचकर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि हरियाणा प्रदेश एक धर्म क्षेत्र है और कुरुक्षेत्र में धर्म-अधर्म की लड़ाई लड़ी गई। इसलिए धार्मिक आयोजनों का लगातार होना इस प्रदेश की परंपरा में शामिल है। उन्होंने कहा कि मातायें खाली समय में टी0वी0 सीरियलों को देखने की बजाये भागवत जैसे महान ग्रंथों को पढ़ें, इससे हमारा मानव जीवन सार्थक होगा। पिछले एक वर्ष में सोनीपत शहर में ही 70 से ज्यादा मद्भागवत कथाओं का आयोजन हो चुका है जिससे यह साबित होता है कि सोनीपत एक धार्मिक नगरी बनने की ओर अग्रसर होती जा रही है।
राजीव जैन ने कहा कि संत-महापुरुषों के आगमन एवं धार्मिक आयोजनों से ही हमारे समाज में भाईचारा, प्यार प्रेम कायम है अन्यथा आज भौतिकता के युग में भाई-भाई का दुश्मन है। उन्होंने भागवत भगवान के चरणों में सर्व समाज के कल्याण-उत्थान एवं सुख समृद्धि की कामना की। कथा व्यास गद्दी पर विराजमान परमश्रद्धेय पं0 जोगेंद्र शास्त्री श्री गुरू जी महाराज को अंगवस्त्र पहनाकर आशीर्वाद लिया।
भागवत कथा क्षवण के लिए राजू प्रधान, सीलू अंतिल, रामप्रकाश शर्मा, सुभाष, जसबीर लोचब, भारत सहित अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# फाउंडेशन की तरफ से हैल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन

## प्रधान समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा का ग्रामीणों ने जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/राइ**
**हलके के अटेरना** गांव में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन की तरफ से रविवार को निशुल्क हैल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में मुख्य रूप से समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा माखन भोग वाले शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कैम्प में आए लोगों से नशे से दूर रहने का आग्रह किया और अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहने की सलाह दी। प्रतीक राजकुमार शर्मा ने कहा कि हर किसी के लिए सबसे ज्यादा उसका स्वस्थ रहना जरूरी रहता है। स्वास्थ्य स्वस्थ होगा तो वह



जीवन में हर प्रकार की सुविधा का लाभ ले सकता है और शरीर में किसी प्रकार का रोग लग जाता है तो वह हर कदम पर संभलकर चलने का प्रयास करता है। इस दौरान उन्होंने नशे से दूर रहने का आग्रह करते हुए कहा कि सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस है इस दौरान सभी संकल्प लेंगे की वह नशे कज प्रति खुद सजग होंगे और दूसरों को भी इससे दूर रहने की सलाह देंगे। कैम्प में स्वास्थ्य के साथ साथ नेत्र भी चैक किए और फ्री में दवाइयाँ वितरित कराई। इस अवसर पर नरेंद्र भूटानी, डा.अभिमन्यु, षि चौहान, कपिल चौहान, बाला चौहान, सुशील चौहान, पूनम सेन, नवीन कौशिक, कन्हैया चौहान व गायत्री चौहान आदि मौजूद थे।

# 'श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही है पितृत्व लाभ योजना'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के श्रमिक वर्ग की भलाई के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं में असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत श्रमिकों के लिए हरियाणा पितृत्व लाभ योजना चलाई जा रही है। भवन एवं निर्माण असंगठित श्रम कल्याण बोर्ड की ओर से यह योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत असंगठित क्षेत्र के सभी पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के जन्म पर 21 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है।
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए असंगठित वर्ग के श्रमिकों को अपना पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करवाने के बाद हरियाणा पितृत्व लाभ योजना के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए श्रम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट एचआरवाईलेबर.जीओवी.इन पर आवेदन करना होगा। यह योजना हरियाणा के पंजीकृत श्रमिकों के परिवार की भलाई के लिए है। एक श्रमिक के परिवार में शिशु जन्म पर पत्नी और संतान को अच्छा स्वास्थ्य और बेहतर खानपान मिल सके।

# राहुल गांधी बड़ा दिल दिखाएं: आप

## 'राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान चलाने की बात कहते हैं वो दिखनी भी चाहिए...'केजरीवाल जेल से डरते हैं, इसलिए बीजेपी के साथः कांग्रेस

**साथ का वादा**

**8 विपक्षी दलों की बैठक में राहुल से मतभेद भुलाने, साथ मिलकर चलने का आग्रह किया था**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** की आम आदमी पार्टी सरकार इन दिनों केंद्र द्वारा लाए अध्यादेश के खिलाफ विपक्ष को लामबंद करने में जुटी है। बीते दिनों पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक में राहुल गांधी से मतभेद भुलाने और साथ मिलकर चलने का आग्रह किया था। अब दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने राहुल गांधी के बयान मोहब्बत की दुकान का साहारा लेकर बड़ा दिल दिखाने को कहा है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गांधी को 'नफरत के बाजार' में 'मोहब्बत की दुकान' खोलने की बात करनी चाहिए, क्योंकि वह अक्सर कहते हैं 'मैं नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल कर बैठा हूं'। कांग्रेस के द्वारा अध्यादेश के खिलाफ आप को समर्थन न देने की ओर संकेत देते हुए आप नेता ने कहा- "राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी केंद्र में सत्ता में नहीं है। इसलिए अहंकार का कोई सवाल ही नहीं होना चाहिए, लेकिन अगले लोकसभा चुनाव में सत्ता में लौटने पर वह अहंकारी हो सकते हैं तो क्या होगा। इसलिए उन्हें संतुलित होने की जरूरत है। साथ ही उन्हें दिखाना होगा कि वह मोहब्बत फैला रहे हैं।"

**ऊपरी संसद में अध्यादेश को रोकना चाहती है आपः** केंद्र द्वारा लाए अध्यादेश को राज्यसभा में रोकने के लिए आम आदमी पार्टी विपक्षी दलों के नेताओं से मिलकर समर्थन मांग रही है, क्योंकि भाजपा के पास ऊपरी संसद में बहुमत नहीं है। वहीं, कांग्रेस के पास 31 राज्यसभा सदस्य हैं। इसी को लेकर आप नेता बार-बार कांग्रेस से अध्यादेश के खिलाफ समर्थन मांग रहे हैं, जिससे की वह मानसूत्र सत्र में अध्यादेश को कानून बनने से रोक सकें। आपको बता दें कि केंद्र सरकार 19 मई को 'ट्रांसफर पोस्टिंग, सतर्कता और अन्य प्रासंगिक मामलों' के संबंध में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) के लिए नियमों को अधिसूचित करने के लिए एक अध्यादेश लेकर आई।

**आप ने कहा- पुराने कमेंट्स को भुलाकर आगे बढ़ेंः** आप नेता भारद्वाज ने कांग्रेस को सावधानी बरतने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि अहंकारी होना ठीक है, लेकिन एक सीमा है।

### क्या है अध्यादेश

**यह** अध्यादेश राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 में संशोधन करने के लिए लाया गया था और यह सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र बनाम दिल्ली मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दरकिनार करता है।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था- संसद सत्र से पहले चर्चा करेंगे

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी एकता बैठक में आप के सशर्त शामिल होने पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था- पटना बैठक इस मुद्दे के लिए उपयुक्त मंच नहीं है और वे संसद सत्र से पहले विपक्षी बैठकों में इस पर चर्चा करेंगे। इस अध्यादेश के लिए एक अलग मैकेनिज्म क्यों होना चाहिए? यह साथ मिलकर भाजपा से लड़ने की पूर्व शर्त नहीं हो सकती है।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर करंट लगने से महिला की मौत

**लापरवाही**

**8 परिसर में बारिश का पानी भर गया था। बिजली का तार टूटकर डूबा हुआ था, जिसके संपर्क में आ गई महिला**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी दिल्ली** में शनिवार शाम से ही झमाझम बारिश हो रही है। इसी कारण कई जगहों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसी क्रम में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर में बारिश का पानी भर गया था। इसमें बिजली का तार टूटकर डूबा हुआ था, जिसके संपर्क में आने से एक महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पानी में बिजली का तार टूट कर गिर गया था और उसमें करंट दौड़ रहा था। जानकारी के मुताबिक महिला की पहचान प्रीत विहार निवासी साक्षी आहूजा के तौर पर हुई है। वह अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने जा रही थी कि करंट की चपेट में आ गई। इस मामले को लेकर दिल्ली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। परिजनों के मुताबिक, साक्षी भोपाल शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पर टैक्सी से उतरी। तेज बारिश की वजह से काफी जलभराव हो गया था और महिला लेट भी हो चुकी थी तो उसने पैदल ही जाने का निर्णय लिया, लेकिन कुछ ही दूरी पर पानी भरा हुआ था। जैसे ही महिला पानी में उतरी, तो पानी में करंट था। करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मृतक महिला के पिता लोकेश कुमार चोपड़ा का कहना है कि जब मुझे सूचना मिली कि मेरी बेटी साक्षी आहूजा की करंट लगने से मौत हो गई है, तब मैं पार्किंग एरिया में था। ये संबंधित अधिकारी की लापरवाही के कारण हुआ है। वहीं पुलिस ने बताया कि एक महिला के अचेतावस्था में होने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। साक्षी को उसकी बहन माध्वी चोपड़ा ने लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**फास्ट न्यूज**

## सैलून संचालक की चाकू गोदकर हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में एक युवक की हत्या मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान फैसल के रूप में हुई है। वहीं, हत्यारोपी शोभित, रियाज और नावेद हैं। मामला सनलाइट कॉलोनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि फैसल सैलून चलाता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल और अपराध को अंजाम देने में आरोपी व्यक्तियों द्वारा इस्तेमाल किया गया एक चाकू बरामद किया है।

## 'आपातकाल के दौरान कांग्रेस नेता बन गए थे पुलिस के मुखबिर'

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं हिन्दुस्थान समाचार के समूह संपादक रामबहादुर राय ने रविवार को कहा कि कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता आपातकाल के दौरान पुलिस के मुखबिर बन गए थे। यह बात राय ने एनयूजेआई स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड कम्युनिकेशन और दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आपातकाल और प्रेस विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कही। आपातकाल के दौरान 16 महीने जेल में रहे वरिष्ठ पत्रकार राय ने बताया कि कांग्रेस नेताओं के दबाव में तमाम लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया था। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि आचार्य विनोबा भावे ने कभी नहीं कहा था कि आपातकाल अनुशासन पर्व है। कांग्रेस नेता निर्मला देशपांडे द्वारा फैलाए गए झूठ का विनोबा भावे आपातकाल में व्याप्त भय के कारण विरोध नहीं कर पाए थे। दिल्ली में आयोजित संगोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार, आईटीवी के संपादकीय निदेशक डॉ.आलोक मेहता, पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर समेत कई पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के अध्यक्ष रास बिहारी ने की। राय ने संगोष्ठी में बताया कि आपातकाल का केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने ही जमकर विरोध किया था। इंदिरा गांधी के खिलाफ आंदोलन के अगुआ जयप्रकाश नारायण गिरफ्तारी के बाद छाये सन्नाटे से हताश हो गए थे।

# पांच साइबर ठग गिरफ्तार



**धोखाधड़ी**

**8 अमेरिकी नागरिकों से छह लाख डॉलर का लगाय चूना, आरोपी से कई आपत्तिजनक सामान बरामद**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटजिक ऑपरेशन (आईएफएसओ) यूनिट टीम ने अमेरिकी नागरिकों के साथ छह लाख डॉलर की साइबर धोखाधड़ी के मामले को सुलझाते हुए अलग-अलग जगह से पांच साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के साथ सात लाख की नगदी, 6 लैपटॉप, 11 मोबाइल, 3 राउटर एप्पल मैकबुक, सिम कार्ड इत्यादि सामान बरामद किया गया है।

गिरफ्तार आरोपित व्यक्तियों की पहचान कुणाल सिंह उर्फ क्रिस्टोफर, सुब्रत दास उर्फ ऑस्टिन, सुमन चंद्र दास, गौतम और अमित सिंह के रूप में हुई है। पांचों आरोपित दिल्ली यूपी और हरियाणा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। दिल्ली स्पेशल सेल विशेष पुलिस आयुक्त एच. जीएस. धालीवाल ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि स्पेशल सेल आईएफएसओ की टीम को एक शिकायत मिली, जिसमें अमेरिकी दूतावास के माध्यम से एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने 21 अक्टूबर 2021 को अपने लैपटॉप में समस्याओं को हल करने के लिए प्रसिद्ध तकनीकी सहायता वेबसाइट गीक स्क्वाड से ऑनलाइन मदद मांगी थी। उसी दिन उन्हें एक कॉल आई और कॉल करने वाले ने अपना परिचय गीक स्क्वायड से जॉन के रूप में दिया और उन्होंने बताया कि उनका लैपटॉप हैक कर लिया गया है। वित्तीय डाटा सहित उनकी सारी जानकारी हैकर्स ने हैक कर ली है। यदि धनराशि तुरंत किसी को ट्रांसफर करके अपने आप को बचाया जा सकता है। जिसके बाद दोनों ने शिकायतकर्ता को हैकर से बचाने के लिए अलग-अलग विदेशी खातों में पैसे ट्रांसफर करवाएं।

## डंपिंग यार्ड में मिला महिला का शव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी** दिल्ली के बाड़ा हिंदूराव क्षेत्र में डंपिंग यार्ड में रविवार सुबह एक महिला की शव मिला है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जहां शव मिला वहां चारों तरफ जंगल है। बाड़ा हिंदूराव पुलिस मौके पर पहुंची ओर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि बाड़ा हिंदूराव इलाके में डंपिंग यार्ड में एक अज्ञात महिला की शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कराने की काफी कोशिश की। पुलिस ने बताया कि महिला की उम्र करीब 40 साल है।

### देर रात गरज के साथ शुरू हुआ बारिश का सिलसिला जारी रहा

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश, तापमान में आएगी गिरावट

**झमाझम बारिश**




**8 अब जून के बचे इन पांच दिनों में हल्की से तेज बारिश होने के कारण गर्मी का अहसास नहीं होगा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मौसम विभाग के** पूर्वानुमान के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बिजली भी कड़की। इसे प्री-मानसून बारिश माना जा रहा है। देर रात गरज के साथ शुरू हुआ बारिश का सिलसिला अभी जारी है। इससे तापमान तो गिरेगा ही लोगों को भी राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में रविवार को उमस और गर्मी से राहत मिलेगी। तेज बारिश का अनुमान है। इससे तापमान में भी गिरावट होगी। मौसम विभाग के कहना है कि अगले कुछ दिन बारिश का सिलसिला रहेगा। 25 जून को दिल्ला के साथ मुंबई में भी मानसून की एंट्री हुई। 21 जून 1961 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब दिल्ली और मुंबई में एक ही दिन मॉनसून की एंट्री हुई है। वहीं पूर्वी और मध्य भारत में मानसून की गतिविधियां तेज होने से उत्तर भारत समेत दिल्ली में अगले सप्ताह तक प्री-मानसून की बारिश पहुंचने की संभावना है। गौरतबल हो कि इस बार उत्तर भारत में मई के महीने में लू नहीं चली, वहीं जून में लू की स्थिति नहीं रही। अब जून के बचे इन पांच दिनों में हल्की से तेज बारिश होने के कारण गर्मी का अहसास नहीं होगा। वहीं जून में हुई कम बारिश का कोटा भी यह पांच दिनों में होने वाली बारिश पूरा कर देगी। मौसम विभाग के अनुसार मानसून पूर्वी यूपी तक पहुंच गया है। जल्द ही यह उत्तर भारत की तरफ बढ़ेगा।




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता दिल्ली के उपराज्यपाल से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

# बंदूक की नोक पर दंपती को लूटा, पास में मिले 20 रुपये



**अनोखा मामला**

**8 दिल्ली में दंपती को लूटने आए लुटेरे। पास में सिर्फ 20 रुपये मिले तो 100 रुपये थमाकर चले गए**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** ने रविवार को दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। शाहदरा जिले की पुलिस को लूटपाट की एक अजीबोगरीब घटना सीसीटीवी में दिखाई दी। इसके बाद फुटेज की मदद से उन्हें गिरफ्तार किया गया। दिल्ली में दंपती को लूटने आए लुटेरे। पास में सिर्फ 20 रुपये मिले तो 100 रुपये थमाकर चले गए। दिल्ली पुलिस को 21 जून का सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें लुटेरे बंदूक की नोक पर दो लोगों से लूटपाट करते दिख रहे हैं। हालांकि, जब उन्हें पता चला कि दंपती के पास केवल 20 रुपये हैं, तो लुटेरों ने उन्हें 100 रुपये दिए और चले गए। डीसीपी (शाहधारा) रोहित मीना ने बताया कि लुटेरे खूब नशे में थे। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पता चला कि वे कई अन्य इलाकों में काम कर रहे थे। हमने अपराध में इस्तेमाल पिस्तौल, स्कूटर और 30 मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। उनके खिलाफ चार मामले दर्ज किए हैं और आगे की जांच जारी है।

# पार्क में दौड़ रहे युवक पर चाकू से हमला, एम्स के ट्रॉमा सेंटर में कराया भर्ती

**चाकू से हमला**

**8 चाकू लगने से पीड़ित घायल हो गया है, जिसको इलाज के लिए एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया था**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** किशनगढ़ इलाके में बच्चों को एथलेटिक्स की ट्रेनिंग दे रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। चाकू लगने से पीड़ित घायल हो गया है, जिसको इलाज के लिए एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने उपचार के बाद घायल को छुट्टी दे दी। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार देर रात करीब साढ़े नौ बजे किशनगढ़ पुलिस थाना में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें कॉलर ने बताया कि मछली वाला पार्क में कुछ लड़कों ने बच्चों को एथलेटिक्स की ट्रेनिंग दे रहे एक व्यक्ति पर उस वक्त चाकू से हमला कर दिया जब वह हिमांशु नाम के लड़के के साथ पार्क में दौड रहा था।

**जांच में जुटी पुलिसः** पीड़ित की पहचान 20 वर्षीय अभिनंदन पुत्र पारस नाथ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा 308 और 34 के तहत दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शख्स को जाम छलकाने के लिए बुलाया और मार दिया चाकू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में चाकू से शख्स की हत्या के केस को पुलिस ने 24 घंटों के अंदर ही सुलझा लिया है। शनिवार शाम को दिल्ली कैंट थाना क्षेत्र में एक शख्स पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए गए थे, जिसके बाद उसे एम्स में इलाज के लिए ले जाया गया था। शख्स ने एम्स में दम तोड़ दिया था। इस मामले को लेकर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**8 ानिवार शाम को दिल्ली कैंट थाना क्षेत्र में एक शख्स पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए गए थे**

**एलजी सक्रिय**

### भारतीय नौसेना की वर्क बोट का पहली बार सिग्नेचर ब्रिज से आईटीओ बैराज तक सफलतापूर्वक संचालन किया

# सिग्नेचर ब्रिज-आईटीओ बैराज के बीच यमुना में जल्द चलेगी बोट

**संचालन**

**8 यमुना में उतारी गई वर्क बोट ने सिग्नेचर ब्रिज और आईटीओ बैराज के बीच पहली यात्रा पूरी की**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में सिग्नेचर ब्रिज से आईटीओ** बैराज के बीच यमुना में जल्द बोट चलती नजर आएगी। उपराज्यपाल की पहल पर यमुना में उतारी गई वर्क बोट ने सिग्नेचर ब्रिज और आईटीओ बैराज के बीच पहली यात्रा पूरी की। इससे पहले यमुना में गहराई न होने, पानी में तैरती गंदगी, मलबे सहित अन्य समस्याओं के कारण योजना साकार नहीं हो पाई थी। इस समस्या को देखते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उच्चतम न्यायालय और एनजीटी के आदेश पर यमुना के जीर्णोद्धार को लेकर काम शुरू किया। इसी के तहत भारतीय नौसेना की वर्क बोट का पहली बार सिग्नेचर ब्रिज से आईटीओ बैराज तक सफलतापूर्वक संचालन किया। इसकी दूरी करीब 11 किलोमीटर है। यह वर्क बोट हाल ही में कोच्चि से लाई गई है। बता दें कि एनजीटी की नियुक्त उच्चस्तरीय समिति के अध्यक्ष के रूप में उपराज्यपाल यमुना के कायाकल्प की सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे हैं। इस अभियान में उन्होंने स्थानीय लोगों को भी जोड़ा। इसी दिशा में यमुना के सीमित हिस्से में नौका को एक परिवहन के साधन के रूप में संचालित करने की कल्पना की गई थी। यमुना में और उसके बाढ़ क्षेत्र की सफलतापूर्वक सफाई करने, सिग्नेचर ब्रिज और आईटीओ बैराज के बीच व्यक्तिगत तौर पर निरीक्षण करने के बाद उपराज्यपाल ने नौसेना से आधिकारिक तौर पर एक बोट की मांग की थी और इस कार्य को शुरू करने का फैसला किया था।

### जल्द शुरू होगा बोट का परिचालन

**बोट** का परिचालन जारी रखा जाएगा और यमुना में आगे विस्तृत नेविगेशन परीक्षण किया जाएगा, जिससे निकट भविष्य में यात्रियों और सामान ले जाने वाली नावों के लिए उचित चैनल निर्धारित किए जा सकें और वह सफलतापूर्वक चल सकें। चैनल को पूरी तरह से अंतिम रूप देने का काम 22 जून तक पूरा कर लिया गया था और वर्क बोट का ट्रायल रन किया गया। शुरूआत में ट्रायल रन की योजना केवल सिग्नेचर ब्रिज और बोट क्लब के 3 किमी की दूरी के लिए बनाई गई थी। बाद में आईटीओ बैराज तक ले जाने का फैसला किया गया। नाव को आईटीओ बैराज पर इसके लिए बनाई गई एक विशेष जेट्टी पर सफलतापूर्वक खड़ा कर दिया गया है।

# सिरसा ने लिखा विदेश मंत्री को पत्र

**पाक पर भड़के**



**8 जयशंकर को पत्र लिखकर पाकिस्तान में सिखों की निशाना बनाकर की जा रही हत्याओं का मुद्दा उठाया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** जनता पार्टी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को पत्र लिखकर पाकिस्तान में सिखों की निशाना बनाकर की जा रही हत्याओं का मुद्दा उठाया है। उन्होंने आग्रह किया है कि विदेश मंत्रालय यह मसला पाकिस्तानी उच्चायोग के समक्ष उठाए। सिरसा ने कहा कि पहले भी भारत के हस्तक्षेप के बाद ही पाकिस्तान में सिखों के मसलों का समाधान हुआ था। सिरसा ने कहा कि पाकिस्तान के पेशावर में पिछले कुछ-एक दिनों में मनमोहन सिंह और तरलोक सिंह नामक दो सिखों पर चरमपंथियों ने हमला किया। इसमें मनमोहन सिंह की मौत हो गई और तरलोक सिंह बाल-बाल बचे। यह पहला मामला नहीं है जब सिखों पर इस तरह के हमले हुए हैं। पेशावर में आए दिन सिखों को निशाना बनाया जा रहा है।

सिरसा ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक सिख समुदाय दहशत में जी रहा है। वहां की सरकार सिखों पर हो रहे हमलों को लेकर मूकदर्शक बनी बैठी है। बार-बार सिख संगठनों की ओर से इस मुद्दे को उठाने के बावजूद भी पाकिस्तान सरकार सिखों को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में नाकाम रही है। अब सिखों की पाकिस्तान सरकार से सभी प्रकार की आशाएं खत्म हो चुकी हैं। इस तरह के मामलों में पहले भी हमलावरों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## न्यूज फ्लैश

### आज सोमवार से बुधवार तक लगेंगे परिवार पहचान-पत्र में त्रुटियां ठीक करने के लिए कैंप:

**पानीपत:** एडीसी वीना हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार पहचान-पत्र से संबंधित त्रुटियां व अन्य जानकारियां हेतू जिले के हर गांव में कैंप लगाए जाएंगे। ये कैंप शहरी क्षेत्र के सभी वार्डो में भी लगाए जाएंगे। इन कैंपों के माध्यम से परिवार पहचान पत्रों से संबंधित समस्याओं को मौके पर ही निदान किया जाएगा। ये कैंप जिला के सभी गांवों व शहर के सभी वार्डो में आज 26 जून से लेकर 28 जून बुधवार तक लगाए जाएंगे। इन कैंपों का समय प्रात: 10 बजे से सांय 4 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ही दिया जा रहा है। प्राय: देखने में आया है कि परिवार पहचान पत्र में छोटी-छोटी कमियों के कारण कई बार पात्र व्यक्ति सरकार की योजना का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। इसलिए प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार इन कैंपों के माध्यम से आमजन के द्वार पर ही उनके परिवार पहचान पत्रों से संबंधित त्रुटियों को ठीक किया जाएगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से केन्द्र व हरियाणा में बनाएगी सरकार: कृष्ण लाल पंवार

**पानीपत: केन्द्र** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर पानीपत शहरी हलके के संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रविवार को मेयर अवनीत कौर ने सेक्टर 25 स्थित एक बैंकट हाल में किया। सम्मेलन का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार और भाजपा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा, मेयर अवनीत कौर, जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना व रविंद्र भाटिया आदि ने दीप प्रज्जवलित करके किया। सम्मेलन में राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने 9 साल के कार्यकाल में देश का नाम विश्व में रोशन करने का काम किया है। कार्यकताओं के सहयोग व आशीर्वाद से भाजपा 2024 में होने वाले चुनाव में लगातार तीसरी बार केंद्र व हरियाणा में सरकार बनायेगी। विधायक महीपाल ढांडा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने 9 साल के कायार्काल में जनहित के इतने काम करवा दिये, जबकि कांग्रेस अपने 60 साल के कायार्काल में भी नहीं करवा पाई। वहीं मेयर अवनीत कौर ने कहा कि बारिश के बावजूद भी इतनी भारी संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे और इसके लिये वे सभी का आभार व्यक्त करती है। मेयर ने दावा किया कि भाजपा कार्यकताओं के दम पर ही अगली बार भी लोकसभा, विधानसभा व नगर निगम चुनाव में जीत का परचम लहरायेगी। इस अवसर पर जैन समाज से प्रधान विनय जैन, रमेश जैन, सिख समाज से सरदार हरजीत सिंह दुआ, जगजीत सिंह, राजिंन्द्र खुराना, बलदेव खुराना, राज मेहंदीरता, कवलजीत सिंह, किन्नर समाज से हाजी साधना, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रफाकम हसन, मुनीर गुर्जर, निगम के पार्षद, सभी मोर्चो के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### 2024 में 300 से अधिक सीटों के साथ मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री: शाह

**जम्मू:** भारतीय राजनीति की दशा और दिशा को बदल कर रख देने वाले केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए बिहार के पटना में विपक्ष के महाजुटान पर 'पुल शॉट' मारते हुए कहा कि, 'आज पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। विपक्षी दलों के नेता इकट्ठे हो गए हैं। वे संदेश देना चाहते हैं कि भाजपा और मोदी जी को चुनौती देंगे। यह महज एक फोटो सेशन है। विपक्ष में एकता संभव ही नहीं है। तमाम प्रयासों के बावजूद प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी का 300 से अधिक सीटों के साथ तीसरा कार्यकाल पूर्व निर्धारित है। विपक्षी दलों का एक मंच पर आना यह साबित करता है कि 2024 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के लिए कांग्रेस की क्षमताएँ अपर्याप्त हैं। केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल एक खुली किताब की तरह है। कांग्रेस की तरह नहीं, जिसने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया। मोदी-शाह की जोड़ी के खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है। सालों तक जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों झ्र अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार झ्र का शासन रहा है। यदि इतिहास देखा जाए तो 1947 से 2014 तक जम्मू-कश्मीर में 42,000 लोगों की हत्या की जिम्मेदारी इन्हीं परिवारों पर है। आँकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस सरकार के 10 साल के शासन के दौरान आतंक की 7,327 घटनाएँ हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के 9 साल में यह संख्या घटकर केवल 2,350 रह गई है। इसका मतलब साफ है कि आतंकी घटनाओं में 70 फीसदी की कमी आई है। पिछले 9 साल में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर जिस कदर शिकंजा कस दिया गया है, उससे स्पष्ट है कि आज आतंकवाद अपनी मृत्यु शय्या पर है। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में देश के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक विधान एक निशान एक प्रधान की धारणा को साकार करने की दिशा में धारा 370 को निरस्त करने का सख्त कदम उठाया गया। जिसके बाद 47 महीनों में, हड़ताल के केवल 32 कॉल आए।

# तेज हवाओं के साथ बरसात से शहर की सड़कें बनी तालाब

## बिजली आपूर्ति हुई बाधित, शाम को बिजली आने के बाद मिली राहत, गर्मी से निजात के बाद खुश नजर आए बच्चे

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**मानसून की** पहली बरसात से रविवार को सुबह से शुरू हुई बारिश शाम से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरे खिल उठे। तेज हवाओं के साथ शहर व गावों की बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। बिजली आपूर्ति शाम तक बहाल हुई। शहर की सभी सड़के जलभराव के कारण दिनभर तालाब बनी रही। वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हुई।बरसात के कारण शहर के रेलवे रोड पर देवीलाल चौक से जीटी रोड तक कई करीब दो फूट ऊचाई तक दिनभर जलभराव रहने के कारण पानी में वाहन रेंगते नजर आए। दुपहिया वाहन पानी में बंद होने





के कारण दुपहिया वाहन चालक पानी के अन्दर से पैदल निकालते नजर आए। जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी हुई।

**इन जगहों पर भरा पानी, जलभराव से आवागमन बाधित:** नई अनाज मंडी, मार्किट कमेटी कार्यालय, पुराना सचिवालय भवन के प्रांगण, शहर के रेलवे पार्क, लहरी सिंह पार्क, पांची जाटान, गढ़ी रोड आदि जगहों पर जलभराव से सड़के तालाबनुमा दिखाई दी।

शहरवासी सुरेन्द्र, विकास ने बताया कि शहर के बरसात के पानी की समुचित व्यवस्था व नालों की सफाई न होने के कारण बरसात होते ही ऐसे हालात हो जाते है।

**सुबह से शाम तक गांव व शहर की बिजली आपूर्ति रही बाधित:** सुबह बरसात के साथ तेज हवाओं के कारण शहर के कुछ हिस्से व भोगीपूर पावर हाऊस से जुड़े आधा दर्जन गांवों के अलावा पुगथला, कैलाना पावर हाऊस से जुड़े गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। भोगीपूर पावर हाऊस की शाम को 4 बजे बिजली आपूर्ति बहाल हुई। उसके बाद बिजली से जुड़े कामों को लोगों ने करके राहत की सांस ली।

**गर्मी से राहत**

**8 भगवान की कृपा से अब खेतों में पानी ही पानी हो गया है। अब किसान जोरों पर धान रोपाई का काम शुरू कर देंगे**

**गर्मी से मिली राहत, बच्चों ने लिया बरसात का आन्नद:** पिछल्ले दिनों से पड़ रही तेज गर्मी से बरसात के बाद लोगों को राहत मिली। गर्मी के कारण लोग बेहाल थे। बरसात के बाद गर्मी से राहत मिलने पर छोटे- छोटे बच्चे घरों से बाहर आकर पास में भरे पानी के पास आन्नद लेते नजर आए। वहीं धूल- मिट्टी के उड़ने से बरसात के बाद लोगों को प्रदूषण से राहत मिली।

**धान रोपाई के लिए खेत हुए जलमग्न, किसानों को मिली राहत, जोरो पर होगा शुरू रोपाई का काम:** तेज बरसात से खेत भी जलमग्न हो गए। किसान करतार राठी, प्रेम, रमेश ने बताया कि इस समय धान रोपाई का काम चल रहा है। पिछले दिनों से बरसात न होने के कारण रोपाई के काम में देरी हो रही है। भगवान की कृपा से अब खेतों में पानी ही पानी हो गया है। अब किसान जोरो पर धान रोपाई का काम शुरू कर देंगे।

## बिजली बिलों में छूट के लिए निगम ने शुरू की विशेष योजना: एस. ई.

**पानीपत, 25 जून( कमाल हुसैन)उत्तर हरियाणा बिजली** वितरण निगम लिमिटेड (यू.एच.बी.वी.एन.) ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के बकाया बिजली के बिलों में छूट देने के लिए योजना शुरू की है। इस माफी योजना का उन्हीं लोगों को लाभ मिलेगा, जिनकी परिवार पहचान पत्र के अनुसार वार्षिक आय 1 लाख से कम है।

निगम के पानीपत सर्कल के अधीक्षक अभियंता धर्मबीर छिकारा ने बताया कि लाभार्थी व्यक्ति का बिजली कनैक्शन डोमैस्टिक होना जरूरी है। इसके अलावा लाभार्थी की औसत मासिक बिजली खपत 150 यूनिट हो और 2 बिल न भरे हों । केवल वही इस योजना का पात्र लाभार्थी है। इस योजना में 8 जून 2023 तक से पहले के ही उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इन जरूरी शर्तों को पूरा करने वाले उपभोक्ता का पूरा सरचार्ज माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के अनुसार मूल राशि का 50 प्रतिशत माफ कर दिया जाएगा। इस योजना की खास बात यह है कि इसमें मूल राशि का शेष 50 प्रतिशत एक वर्ष की मोहलत के बाद 3 वर्षों में वसूल करने के लिए रोक दिया जाएगा। मूल राशि पर सरचार्ज भी नहीं लगाया जाएगा।

वहीं जिन उपभोक्ताओं के बिजली कनैक्शन काट दिए गए हैं, उन्हें बिना किसी अतिरिक्त चार्ज के बकाया राशि जमा कर कनैक्शन चालू करवा सकते हैं। इस योजना का लाभ वे उपभोक्ता भी ले सकते हैं जिनका केस कोर्ट में विचाराधीन हैं। इसके लिए उन्हें एक लिखित शपथ पत्र कार्यालय में जमा करवाना होगा, जिसमें उपभोक्ता द्वारा लिखा जाएगा कि इस सैटलमैंट के बाद उनका कोई विवाद नहीं रहेगा।

## सरकारी कार्य को बाधित करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व मामलों में वांछितआरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना मुलाना में दर्ज सरकारी कार्य को बाधित करने करने के मामले में 23 जून 2023 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी अजय कुमार निवासी गाँव बधौली थाना नारायणगढ़ जिला अम्बाला को गिरफ्तार माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में सम्बन्ध में शिकायतकर्ता संजीव कुमार हरियाणा रोडवेज नारायणगढ़ अम्बाला डिपो बस परिचालक ने 15 जून 2023 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी।

## बाबूलाल शर्मा को दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल**
**बाबूलाल** शर्मा ने ताउम्र देश सेवा के साथ की समाज सेवा और बच्चों को दिए अच्छे संस्कार। ये शब्द रविवार को सिहमा में आयोजित बाबूलाल शर्मा की रस्म पगड़ी समारोह में सामाजिक न्याय एवं सहकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने श्रद्धांजलि देते हुए कहे। भिवानी महेन्द्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि बाबूलाल शर्मा जैसा पुरुषार्थी पुरुष बिरले ही होते है जो अपने शुभ कर्मों से समाज को भी प्रेरणा देते है। पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने शर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर रखा था। पूर्व जिला प्रमुख सुरेंद्र सिंह ने कहा कि बाबूलाल शर्मा पुण्य आत्मा थे भगवान बाबूलाल शर्मा



की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे। कैलाश जोशी मुंडियाखेड़ा, मास्टर भूरामाल सिहोर, कृष्ण शर्मा बेवल, सरपंच प्रतिनिधि समुंद्र सिंह जाट गुवाणा, प्रीतम सिंह चौकी इंचार्ज, डा कृष्ण वर्मा एडवोकेट, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान मनीष वशिष्ठ, यशवीर ढिल्लो, सुरेंद्र स्वामी, शंकर सुमन, सत्य नारायण स्वामी एडवोकेट, नीरज गौतम ने अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबूलाल शर्मा ने अपने पुत्रों दिनेश भारद्वाज, कृष्ण, हेमंत शर्मा एडवोकेट को अच्छे संस्कार दिए जिनकी बदौलत वे भी सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेते है। इस मौके पर प्रो गजेन्द्र भारद्वाज, प्रो योगेंद्र भारद्वाज, लक्ष्मी नारायण जोशी, डा दीपक शर्मा अटेली, पूर्व सरपंच मनोज शास्त्री, अशोक शर्मा, महेंद्र शर्मा, मीडियाकर्मी इंद्रजीत यादव, प्रवीण भारद्वाज, मोहित भारद्वाज, राजकुमार शर्मा, केडी शर्मा सहित सैंकड़ों लोगों ने शर्मा को श्रद्धांजलि दी। रस्म पगड़ी कार्यक्रम में पहुंचे सभी महानुभावों का एडवोकेट हेमंत शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## 'सत्यमित्रानन्द का सम्पूर्ण जीवन भारतीयता के लिए समर्पित था'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )सनातन** परंपरा के संतों में सहज, सरल और तपोनिष्ठ स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि का नाम उन संतों में लिया जाता है, जिनके आगे कोई भी पद या पुरस्कार छोटे पड़ जाते हैं। तन, मन और वचन से परोपकारी संत सत्यमित्रानंद आध्यात्मिक चेतना के धनी थे। उनका सम्पूर्ण जीवन भारत एवं भारतीयता के लिए समर्पित था। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने ज्योतिषपीठ बद्रिकाश्रम से संबद्ध आचार्यपीठ भानुपुरा के निर्वतमान जगद्गुरु शंकराचार्य पद्मभूषण स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी



महाराज की चतुर्थ पुण्यतिथि के उपलक्ष्य मे आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी सत्यमित्रानंद के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलन से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा 29 अप्रैल, 1960 अक्षय तृतीया के दिन स्वामीजी ज्योतिर्मठ भानुपुरा पीठ पर जगद् ?गुरु शंकराचार्य पद पर प्रतिष्ठित हुए।23 वर्ष की अल्प वय में ही शंकराचार्य-पद पर अभिषिक्त होने के बाद दीन-दुखी, गिरिवासी, वनवासी, हरिजनों की सेवा और साम्प्रदयिक मतभेदों को दूर कर समन्वय-भावना का विश्व में प्रसार करने के लिए सनातन धर्म के महानतम पद को उन्होंने तृणवत त्याग दिया।श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा स्वामी सत्यमित्रानंद जी भले ही हिंदू धर्म से जुड़े हुए संत थे, लेकिन उन्हें अन्य धर्मों के विषय में बहुत ज्ञान था। उनका मानना था कि अपने धर्म के प्रति गौरव की भावना और दूसरे धर्म के प्रति सहिष्णुता के सिद्धांत से विश्व में शांति आ सकती है। इसी दृष्टिकोण के अनुसार उन्होंने अपने हरिद्वार स्थित आश्रम का नाम समन्वय कुटीर रखा था। आध्यात्म जगत के बड़े हस्ताक्षर स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि छूआछूत के भी प्रबल विरोधी रहे। स्वामी सत्यमित्रानंद की धर्म, संस्कृति और लोक कल्याण से जुड़ी सेवाओं को देखते हुए ही केंद्र सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से अलंकृत किया था। इस अवसर पर मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय के वैदिक ब्रम्हचारियों को वैदिक साहित्य, अंगवस्त्र एवं पाठ्य समग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. राजीव जी ने किया। आभार ज्ञापन आचार्य नरेश ने किया। कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ से हुआ। कार्यक्रम में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थी, ब्रम्हचारी, सदस्य एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## अवैध देसी कट्टा व जिन्दा करतूस सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अवैध हथियार** रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान सी.आई.ए.-2 अम्बाला के पुलिस दल ने की कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अवैध हथियार/कारतूस रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 24 जून 2023 को सी0आई0ए0-2 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक सन्दीप कुमार के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना पड़ाव क्षेत्र नन्हेड़ा फाटक के पास से आरोपी शुभम उर्फ विक्की निवासी कच्चा बाजार अम्बाला छावनी को अवैध देसी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर थाना पड़ाव में मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन रिमाण्ड प्राप्त किया। सी.आई.ए.-2 अम्बाला के पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार लेकर नन्हेड़ा की ओर जाएगा। यदि तुरन्त कार्यवाही की जाए तो उसे काबू किया जा सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना पड़ाव क्षेत्र नन्हेड़ा फाटक के पास नाकाबन्दी की।

## पानीपत शहर के सैकड़ों युवा हुए आम आदमी पार्टी में शामिल

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत के** सेक्टर 11-12 स्थित एक रेस्टोरेंट में रविवार शाम को आयोजित कार्यक्रम में शहर के सैकडों युवा आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। आप के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने सभी युवाओं को पार्टी की टोपी व पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। राकेश चुघ ने कहा कि आप की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर सभी युवा पार्टी में शामिल हुए है। आप में शामिल होने वाले सभी युवाओं को पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा और इससे पानीपत शहर में पार्टी को मजबूती मिलेगी। राकेश चुघ ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते आज प्रदेश का हर वर्ग मौजूदा सरकार से परेशान है और हरियाणा की जनता भी दिल्ली व पंजाब सरकारों की तर्ज पर शिक्षा व स्वास्थ्य सहित मूलभूत सुविधाएं चाहती है।

## प्रॉपर्टी बिल बाँटने का काम शुरू किया जायेगा: जैन

**चीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ प्रॉपर्टी आई०** डी० में त्रुटियों की लगातार आ रही शिकायतों के चलते सरकार ने संज्ञान लेते हुए सरलीकरण की तरफ कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं! सबसे पहले सभी शहरों में प्रॉपर्टी बिल बाँटने का काम शुरू किया जायेगा ताकि हर नागरिक को अपनी प्रॉपर्टी आई० डी० की जानकारी प्राप्त हो सके! इससे भी आगे बढ़कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं प्रॉपर्टी आईडी की समीक्षा करेंगे ताकि एक-एक शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान हो सके।

उल्लेखनीय है की त्रुटियों



को दूर करने की लिए मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार राजीव जैन ने मुख्यमंत्री जी और स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता को पत्र भेजकर कुछ सुझाव दिए थे जिनके बारे स्थानीय निकाय विभाग ने सभी निगमों, परिषदों एवं पालिकाओं को निर्देश दिए हैं कि अवैध कालोनियों में किसी प्रॉपर्टी का एरिया गलत दर्ज है तो उसे अब ठीक कर दिया जाये! इसके अतिरिक्त किसी प्रॉपर्टी का पिछला टैक्स गलत आ रहा था और अब ठीक जो गया है तो पिछले टैक्स को भी ठीक किया जायेगा! इसी तरह लाल डोरे में सिथत किसी प्रॉपर्टी में मालिक का नाम गलत दर्ज हो जाये तो रजिस्ट्री मांगी जाती थी जबकि अब पुराना रिकार्ड देखकर मालिक के नाम की त्रुटि को दूर कर दिया जायेगा! इसके अतिरिक्त प्रॉपर्टी आई० डी० ठीक करने के अधिकार एक के बजाए कई अधिकारियो को देने की भी तैयारी की जा रही है! राजीव जैन ने कहा कि वह लगातार इस प्रयास में हैं कि प्रॉपर्टी आई० डी० में आने वाली परेशानियां दूर हो सके, इसके लिया निरंतर चंडीगढ़ में बैठे अधिकारीयों के संपर्क में हैं ! उन्होंने बताया कि किसी भी नए सिस्टम में इस तरह की तकलीफें आती हैं और धीरे धीरे उन्हें दूर किया जाता है, उदाहरण के तौर पर व्रद्धावस्था पेंशन बैंकों के माध्यम से करने में भी परेशानियां आई थी परन्तु आज सभी वृद्ध व्यक्ति बैंक में आने से सुखी हैं!

## पुलिस दल की बड़ी कार्यवाही, अनैतिक देह व्यापार के मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अपराधों की** रोकथाम व अपराधियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना सदर अम्बाला में दर्ज अनैतिक देह व्यापार के मामले में 23 जून 2023 को सी0आई0ए0-2 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी मनप्रीत सिहँ उर्फ मनी निवासी कोटल निरूग थाना सिटी रोपड़ जिला रूपनगर, आकाश निवासी डिफैंस कालोनी नजदीक गुग्गामाड़ी थाना पंजोखरा जिला अम्बाला, दविन्द्र पाल निवासी अशोक विहार अम्बाला,

**कार्यवाई**

**8 आरोपी का 02 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया व अन्य आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया**

अशोक निवासी बलदेव नगर अम्बाला शहर, नरेश कुमार निवासी गाँव कुलतारन थाना सदर कैथल जिला कैथल व अशदीप सिहँ निवासी बलदेव नगर अम्बाला शहर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी अर्शदीप उर्फ का 02 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया व अन्य आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 22 जून 2023 को पुलिस को सूचना मिली थी कि स्काई होटल हिसार-चण्डीगढ़ रोड अम्बाला शहर में अनैतिक देह व्यापार का अनैतिक कार्य किया जाता है। सूचना उपरान्त उप-पुलिस अधीक्षक अम्बाला छावनी आशीष चैधरी के नेतृत्व में सी0आई0ए0-2 अम्बाला निरीक्षक संदीप कुमार व पुलिस टीम का गठन कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। गठित पुलिस टीम ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए स्काई होटल हिसार-चण्डीगढ़ रोड अम्बाला शहर में छापेमारी की और छापेमारी के दौरान आरोपी मनप्रीत सिहँ उर्फ मनी निवासी कोटल निरूग थाना सिटी रोपड़ जिला रूपनगर, आकाश निवासी डिफैंस कालोनी नजदीक गुग्गामाड़ी थाना पंजोखरा जिला अम्बाला, दविन्द्र पाल निवासी अशोक विहार अम्बाला, अशोक निवासी बलदेव नगर अम्बाला शहर, नरेश कुमार निवासी गाँव कुलतारन थाना सदर कैथल जिला कैथल व अशदीप सिहँ निवासी बलदेव नगर अम्बाला शहर के खिलाफ थाना सदर अम्बाला में मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) थाना मुलाना** में दर्ज धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के मामले में 23 जून 2023 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी रमनदीप सिहँ उर्फ अंशुल निवासी राणा मौहल्ला बिलासपुर थाना बिलासपुर व विशाल पण्डित उर्फ विशाल कुमार निवासी गाँव बदनारा थाना पुण्डरी जिला कैथल को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार शामिल जाँच किया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता जशदीप सिहँ निवासी गाँव कोड़वा खुर्द ने 18 मई 2023 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी।

## प्लाट में खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ने के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला पुलिस** द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 23 जून 2023 को थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी की नीयत से लॉक तोड़ने का प्रयास कर साथ के प्लाट में खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी सिमरनजीत सिहँ व पवन कुमार निवासी गाँव काकरू थाना बलदेव नगर अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय



न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री मनीष निवासी गाँव काकरू ने 22 जून 2023 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21/22 जून 2023 की रात्रि आरोपी सिमरनजीत सिहँ व पवन कुमार निवासी गाँव काकरू थाना बलदेव नगर अम्बाला ने चोरी की नीयत से लॉक तोड़ने का प्रयास कर साथ के प्लाट में खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# नरेला में निःशुल्क मेगा हेल्थ चैकअप कैंप का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इंडियन** मेडिकल एसोसिएशन नॉर्थ जोन की ओर से रविवार को नरेला में निःशुल्क मेगा हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आईएमए के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा 500 से ज्यादा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के बाद मरीजों को उचित सलाह एवं बीपी, शुगर, ईसीजी आदि के मुफ्त टेस्ट व फ्री दवाइयां दी गई। निःशुल्क मेगा हेल्थ चैकअप कैंप में मुख्य अतिथि उत्तर पश्चिम सांसद हंसराज हंस मौजूद रहे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नॉर्थ जोन की ओर से बाहरी दिल्ली के नरेला में पाना मामूरपुर स्थित शिवालय में रविवार को निःशुल्क मेगा हेल्थ चैकअप कैंप का भव्य आयोजन किया गया। आईएमए के नॉर्थ जोन अध्यक्ष डॉक्टर हरिनारायण गंगवाल के नेतृत्व में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम द्वारा 500 से ज्यादा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मुफ्त दवाई दी गई। कैंप का उद्घाटन उत्तर पश्चिम सांसद हंसराज हंस ने किया। कार्यक्रम संयोजक पवन खत्री (मोनी) ने मुख्य अतिथि सांसद हंसराज का शाल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत सम्मान किया। मुख्य अतिथि सांसद हंसराज हंस ने पवन खत्री व आईएमए की ओर से की गई इस पहल 'आओ गांव चले' की सराहना करते हुए कहा कि शिविर में फ्री स्वास्थ्य जांच के साथ ही विभिन्न परीक्षण की सुविधा और दवाइयां भी दी जा रही हैं। ऐसे बीमार मरीज जो अपना इलाज नहीं करा पाते उनके लिए ऐसे शिविर वरदान होते हैं। इस अवसर पर डॉ. हरी नारायण गंगवाल ने बताया कि हेल्थ कैंप में पहुंचे ज्यादातर लोगों में ब्लड प्रेशर और शुगर की भी समस्या पाई गई। इसकी सबसे बड़ी वजह लाइफस्टाइल और खानपान ठीक नहीं होना और शारीरिक परिश्रम नहीं करना है। वही कैंप में बुखार व खांसी से संबंधित मरीज भी काफी संख्या में पहुंचे जिनको बीमारी की दवाइयां और सही हेल्थ टिप्स दिए गए। उन्होंने आगे बताया कि आजकल लोग असंतुलित खान-पान के साथ ही दिनचर्या के कामों में तनाव लेने से रोगों की चपेट में आते हैं। इनसे बचाव के लिए लोगों को समय-समय पर अपनी जांच करानी चाहिए। अधिक उम्र के लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शिविर में स्वास्थ्य जांच कराने आए लोगों ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़े ही सहजता से डॉक्टरों ने बात की। परेशानी पूछी और निःशुल्क दवाई दी। इस तरह के स्वास्थ्य शिविर होते रहने चाहिए। इससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को काफी सहायता मिलती है। शिविर में आईएमए के विशेषज्ञ डॉक्टरों डॉ. एच एन गंगवाल,डॉ सतीश त्यागी, डॉ. एनएन झा, डॉ. किशोर राजूरकर, डॉ. रजत अग्रवाल, डॉ. आर वी सिंह, डॉ रजनीश आतम, डॉ. प्रवीण भाटिया, डॉ. मधु वर्मा, डॉ. जे आदित्य झंब. डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. नरेश चावला, डॉ. छवि गर्ग, डॉ.पुनीत जैन, डॉ. सिद्धार्थ जैन, डॉ. पवन जैन, डॉ.आरसी भारती, डॉअंकिता जैन ने अपनी बेहतर सेवाएं दी। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक पवन खत्री (मोनी ) जिला अध्यक्ष उत्तर पश्चिम विनोद शेरावत, निगम पार्षद योगेश राणा, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, मोहन भारद्वाज, डॉ अर्चना, योगेश शर्मा, वेदपाल मान, समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा, हरी भारद्वाज, रणबीर प्रधान, हेमराज बंसल,नौतन दास अरोड़ा, सदाराम गुप्ता, बलवीर खत्री, सुखबीर खत्री मांगेराम अत्री, कुलदीप शर्मा, खुशीराम, विजेंद्र खत्री, बलवान पहलवान, कुंदन कुमार, मास्टर प्रेम, मुकेश जोगी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तिलक नगर में भारतीय किसान यूनियन भानू की हुई पंचायत

**पंचायत...**

**8 पंचायत में संगठन विस्तार सहित आगामी कार्यक्रमों को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई : संदीप खंडेलवाल**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के तिलक नगर क्षेत्र के चांद नगर इलाके में भारतीय किसान यूनियन भानू की महापंचायत हुई। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप सिंह मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय किसान यूनियन भानू दिल्ली प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष संदीप खंडेलवाल, महिला मोर्चा दिल्ली प्रदेश की अध्यक्ष सिमरन कौर ने किया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप सिंह का स्वागत किया। इस महापंचायत में संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर कई पदाधिकारियों ने अपने सुझाव राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष रखे। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, ललित चौहान ग्रामीण विकास अध्यक्ष, नानक सिंह उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, हरप्रीत सिंह उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, परमिन्दर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 44 लाख की विदेशी करेंसी सीआईएसएफ ने की जब्त

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की टीम ने 44 लाख की विदेशी करेंसी बरामद की है। जिसे लगेज के अंदर फॉल्स लेयर बनाकर उसके अंदर छिपाकर ले जाने की कोशिश की जा रही थी। सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि जब एक हवाई यात्री आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 डिपार्चर गेट पर पहुंचा तो चेकिंग एरिया में उसके हैंडबैग में डाउटफुल इमेज एक्स रे मशीन में नजर आया। इसके बाद वहां मौजूद सीआईएसएफ की टीम ने फिर उस हवाई यात्री की अलग से जांच करनी शुरू की।

# जहांगीरपुरी: सभी को सच्चे मन से करनी चाहिए प्रभु की भक्ति: अजीत यादव






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव कार्यक्रम में पहुंचे और प्रभु का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर आयोजको ने निगम पार्षद अजीत यादव का स्वागत किया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ समाजसेवी सतीश कुमार, मिस्टर मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि सभी को सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करता है, उसकी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण होती है, इसलिए सभी को सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और उन्होंने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।



आदर्श नगर विधानसभा के बूथ नंबर-112 पर लोगों से मिलते हुए जिला केशवपुरम भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष अविनाश सिंह व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

## महासभा कर रही है समाज को जागरूक: धर्मराज यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय सचिव धर्मराज यादव ने कहा कि यदुवंशी महासभा के द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। ताकि यादव समाज के लोग अधिक से अधिक जागरूक हो सके।

श्री यादव ने आगे बताया कि कई राज्यों में अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के द्वारा अहीर रेजीमेंट को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को अहीर रेजीमेंट बनने के फायदों से भी अवगत कराया जा रहा है। धर्मराज यादव ने आगे कहा कि केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द अहीर रेजीमेंट का गठन करना चाहिए। क्योंकि जब अन्य समाज की रेजीमेंट बनी हुई है तो सरकार को अहीर रेजीमेंट बनाने में क्यों परेशानी हो रही है।



भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ महासंपर्क अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए। साथ में है पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, मनमोहन गुप्ता, आशीष त्यागी, कैलाश जैन, अनुराग चंदेल, अनुराधा, कंचन महेश्वरी, डॉ. अनिल गुप्ता, नरेश कुमार, रोहन महाजन, दीपेन्द्र खत्री व अन्य।

# वजीरपुर जेजे कॉलोनी में विधायक व पार्षद ने किया जनता प्याऊ का उद्घाटन

**उद्घाटन...**

**8 वजीरपुर जेजे कॉलोनी में बुद्धा फाउंडेशन के प्रयासों से जनता प्याऊ लगाया गया।**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर जेजे कॉलोनी में बुद्धा फाउंडेशन के प्रयासों से जनता प्याऊ लगाया गया। उक्त जानकारी बुद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष कैलाश बाबू ने दी। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता, वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने जनता प्याऊ का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक राजेश गुप्ता ने बुद्धा फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की और कहा कि बुद्धा फाउंडेशन बड़ा ही अच्छा कार्य कर रही है, सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और इस प्रकार के सेवा के कार्य अधिक से अधिक करने चाहिए। इस अवसर पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि इस प्रकार के कार्य सभी को अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक करने चाहिए। प्याऊ लगाना एक प्रकार का पुण्य का कार्य है, इसलिए सभी को ऐसे कार्यों के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजको का भी धन्यवाद किया। इस मौके पर बुद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष कैलाश बाबू के अलावा डा. असद, जावेद अंसारी, बृजपाल, चांद मिया, राकेश सौदा, हीना खान, सारिक अली, राजकुमार, नईम खान, सोनू कुशवाहा, आनन्द माथुर, राम माथुर, देवनारायण, गुरु प्रसाद, विजय बाबू, पवन सैनी, तरुण कुमार, समय कुमार, सूरज, पवन कश्यप सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखे।

# वृन्दावन: विकास कार्यों का निरीक्षण किया

## पर्यटन सुविधा केंद्र में सीएम ने संतों के साथ किया जलपान और वार्ता, मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय अतिथि गृह परिसर में पौधारोपण भी किया

**वार्ता की**

**सीवर परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पन्न करने के निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वृन्दावन में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने वृंदावन में चल रहे सीवर परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पन्न करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार से मथुरा के दो दिवसीय दौरे पर हैं। योगी आदित्यनाथ ने 2017 में उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही सबसे पहले ब्रज के विकास और यहां के तीर्थ स्थलों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इसके लिए सीएम योगी ने सबसे पहले उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की घोषणा कर, ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन किया। अब ब्रज में विकास कार्यों की गंगा बह रही है। ब्रज के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह करीब 08 बजे गेस्ट हाउस से सीधे अधिकारियों संग वृंदावन में चल रहे विकास कार्यों के निरीक्षण के लिए निकल गए। उन्होंने सीवर परियोजना के निरीक्षण कर, अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण कार्य सम्पन्न कराने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री योगी स्थलीय निरीक्षण के बाद सीधे साधु- संतों के साथ वार्ता के लिए वृंदावन में बने पर्यटन सुविधा केंद्र में पहुंच गए। वहां पर योगी ने साधु- संतों के साथ वार्ता कर उनका हालचाल जाना और मथुरा में हो रहे कार्यों पर उनसे चर्चा भी की। मुख्यमंत्री ने वार्ता के दौरान संतों के साथ जलपान ग्रहण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री वृंदावन में बने हेलीपैड की ओर प्रस्थान कर गए।

## मीडिया जगत के ध्रुव तारा हैं रामनाथ गोयनका: सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया/गौतमबुद्ध नगर**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन लोकतांत्रिक भारत का काला अध्याय है। 48 वर्ष पहले इसी दिन भारत के लोकतंत्र का गला को घोटने का कार्य हुआ था। उस दौर में मीडिया और लोकतंत्र को बचाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाने का कार्य स्वर्गीय रामनाथ गोयनका ने किया था। रामनाथ गोयनका मीडिया जगत का चमकता हुआ ध्रुव तारा हैं। जब भी लोकतंत्र और पत्रकारिता की बात होगी, तब गोयनका जी का नाम सम्मान के साथ लिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को रामनाथ गोयनका मार्ग के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय रामनाथ गोयनका और आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़ने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में गोयनका ने एक योद्धा की तरह कार्य किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रेरणा से गोयनका जी ने वर्ष 1936 में इंडियन एक्सप्रेस की स्थापना कर भारत की आमजन की आवाज को एक नई ऊंचाई देना का कार्य। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोयनका ने मीडिया की स्वतंत्रता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका किस तरह की होनी चाहिए।

# पहाड़ों में हो रही मूसलाधार बारिश, नदी उफान पर, अलर्ट जारी

**राफ्टिंग बंद**

**गंगा तट के किनारे के निवासियों को स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी दी है**



**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**
**पिछले** 2 दिनों से पहाड़ों में हो रही लगातार बारिश के कारण गंगा सहित ऋषिकेश के आसपास के नदी-नालों का जलस्तर बढ़ जाने के परिणाम स्वरूप गंगा तट के किनारे के निवासियों को स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी दी है। टिहरी प्रशासन ने आगामी दो दिनों तक के लिए गंगा नदी में होने वाली राफ्टिंग को बंद कर दिया है। इस स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन अलर्ट हो गया है ऋषिकेश के उप जिलाधिकारी सौरभ अस्वाल, तहसीलदार चमन लाल सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं। रविवार की सुबह से हो रही लगातार बारिश के कारण नगर की तमाम मलिन बस्तियों मायाकुंड चंद्रभागा शांति नगर सर्वहारा नगर सहित नगर के बीचो बीच बहने वाले सरस्वती नाले भी भारी उफान पर आ गए हैं जिसके कारण त्रिवेणी घाट पर बनी फूलों की दुकान और श्री गंगा सभा के कार्यालय को भी खतरा उत्पन्न हो गया। इतना ही नही त्रिवेणी घाट पर गंगा नदी को जाने वाला मुख्य मार्ग पानी के कारण लबालब हो गया है। जी-20 के लिए विदेशी मेहमानों के स्वागत को गंगा नदी के बीच में बने टापू पर मंसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की ओर से लगाए गए सौंदर्यीकरण की दृष्टि से घास और सुंदर पेड़ भी गंगा जी की भेंट चढ़ गए हैं। यही नहीं सौन्ग नदी भी अपने पूरे उफान पर आ गई है, जिसके कारण कई गांव खतरे की जद में आ गए हैं। कुल मिलाकर बारिश के कारण नगर का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

# केदारनाथ: दीवारों पर लगी सोने की प्लेटों पर उठाया सवाल



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और पौड़ी लोकसभा सीट से सांसद उम्मीदवार रहे मनीष खंडूडी ने केदारनाथ के गर्भ गृह की दीवारों पर लगी प्लेटों पर सवाल उठाया है। रविवार को पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस नेता मनीष खंडूडी ने पत्रकारों से बातचीत में पूर्व में प्रकाशित अखबारों की कटिंग दिखाते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब अखबारों में यह बात प्रकाशित की जा रही थी कि केदारनाथ मंदिर की दीवारों में 230 किलो सोना लगाया जाना है, तब किसी भी भाजपा नेता ने इसका खंडन नहीं किया और खूब वाहवाही बटोरी। जब सोना लगाया गया तो वह कैसे 230 किलो से 23 किलो हो गया, यह बात समझ नहीं आ रही। मनीष ने इसे इनकम टैक्स चोरी का मामला भी बताया है। उनका कहना है कि जिस दानी दाता ने यह सोना केदारनाथ मंदिर को दान किया है, उसे रिबेट के रूप में कितना पैसा मिला है। यह जानना बेहद जरूरी है। इससे साफ हो जाएगा कि कितनी इनकम टैक्स की चोरी केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह में प्लेटों को लगाने पर की गई है।

**चोरी का मामला**

**जब सोना लगाया गया तो वह कैसे 230 किलो से 23 किलो हो गया, यह बात समझ नहीं आ रही।**

# धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के संकल्प के साथ विहिप की बैठक संपन्न

**चिंता व्यक्त की**



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**विश्व** हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक हिंदू परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करने और धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के संकल्प के साथ रविवार को संपन्न हो गई। विहिप के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने बैठक में लिये गए विभिन्न निर्णयों की रायपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि हिंदू परिवार व्यवस्था को विखंडित करने के लिए देश विरोधी विभिन्न शक्तियां षड्यंत्र रच रही हैं। बैठक में हिंदू परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करने और धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के संकल्प के साथ बैठक में प्रस्ताव पास किया गया। आलोक कुमार ने बताया कि हिंदू परिवार व्यवस्था पर हो रहे प्रहारों तथा बढ़ते लव जिहाद एवं धर्मांतरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए एक व्यापक कार्य योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत बजरंग दल आगामी 30 सितंबर से 14 अक्टूबर के बीच देशव्यापी शौर्य जागरण यात्राएं निकालेगा। इन यात्राओं के माध्यम से देश के हर कोने में रहने वाले हिंदुओं को संगठित कर उन्हें इन समस्याओं से निपटने में सक्षम बनाया जाएगा। दीपावली के आस-पास पूज्य संतों के देशव्यापी प्रवासों के मध्यम से जन-जन तक पहुंच बढ़ाकर व्यक्तियों को परिवारों से और परिवारों को सामाजिक एवं राष्ट्रीय जीवन मूल्यों से पुनः जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। हिंदू परिवार व्यवस्था पर बैठक में पारित प्रस्ताव की प्रति मीडिया को जारी करते हुए विहिप कार्याध्यक्ष ने कहा कि गत कुछ दशकों में हमारी परिवार व्यवस्था पर मनोरंजन जगत, वामपंथी शिक्षाविदों एवं न्यायालयों के कुछ निर्णयों तथा भौतिकता वादी और भोगवादी मानसिकता ने गहरे आघात किए हैं। इनके कारण व्यक्ति को परिवार, कुटुंब, समाज एवं राष्ट्र से जोड़ते हुए विश्व के कल्याण की कामना तक ले जाने वाली यह अनुपम व्यवस्था विखंडन की ओर बढ़ रही है।

**हिंदू परिवार व्यवस्था को विखंडित करने के लिए देश विरोधी विभिन्न शक्तियां षड्यंत्र रच रही हैं**

## पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस तीसरे ट्रायल रन के दौरान पहुंची रांची

**रांची:** पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का तीसरा और अंतिम ट्रायल रन किया गया। यह ट्रेन रविवार को रांची में एक बजे पहुंची। इसके बाद चार बजकर 15 मिनट पर पटना के लिए रवाना हो गई। इसके पहले ट्रेन कोडरमा 9.39 पर पहुंची और दो मिनट के स्टॉपेज के बाद कोडरमा स्टेशन से अपने अगले गंतव्य स्थान हजारीबाग टाउन के लिए रवाना हो गई। प्लेटफार्म संख्या 6 खाली नहीं होने के कारण यह ट्रेन कोडरमा में हावड़ा दिल्ली डाउन लाइन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर रुकी और उसी प्लेटफार्म से उसे हजारीबाग, बरकाकाना, रांची नई रेल लाइन पर से शिफ्ट किया गया।

# स्थानीय भाषाओं के संवर्धन की आवश्यकता: कोविंद



**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
**संघ** लोकसेवा आयोग परीक्षा में हिंदी माध्यम की आल इंडिया टॉपर आईएएस कृतिका मिश्रा को आर्शीर्वाद देते हुए देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को कहा कि हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं की महत्ता दी जाय। उन्होंने कहा कि न्यायालय तक जन भाषा की आवश्यकता है और प्रशासनिक सुविधाओं की जनता तक पहुंच बढ़ाने के लिए स्थानीय भाषाओं के संवर्धन की आवश्यकता है। विपश्यना तकनीक का उल्लेख करते हुए दूरदर्शिता पर जोर दिया जाय। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलने के लिए रविवार को सर्किट हाउस में आईएएस टॉपर कृतिका मिश्रा अपने पिता डॉ. दिवाकर मिश्रा के साथ पहुंची और उनसे मुलाकात किया।




## 'सोशल मीडिया अकाउंट सेफ रखना बड़ी बात'

**कानपुर:** कभी ईमेल पर तो कभी एसएमएस के द्वारा या फिर कभी लुभावने ऑफर दिखाकर लोगों को ठगी के जाल में फंसाने वाले साइबर अपराधी नित नए तरीके इजाद कर रहे हैं। अपने दिन का अधिकांश समय सोशल मीडिया और मोबाइल फोन पर बिताने वाले युवाओं को साइबर ठगी के नए हथकंडों से बचने के लिए पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की क्राइम ब्रांच साइबर सेल अवेयरनेस प्रोग्राम चला रही है। साइबर अवेयरनेस सेशन में शनिवार को कल्याणपुर के कोचिंग संस्थान में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। छात्रों के साथ कोचिंग में पढ़ा रहे शिक्षकों ने भी जागरूकता अभियान में भाग लिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्त्र के पिमामिडों को देखा।

**आंकड़े** — आंकड़ों के अनुसार राज्य में वर्ष 2019 में 2058 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया

# झारखंड में साढ़े चार वर्षों में हत्या की 8787 वारदातें

**वारदात**




**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
**झारखंड** में साढ़े चार वर्षों में 8787 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। राजधानी रांची में साढ़े चार वर्षों में सबसे अधिक 794 हत्या की वारदातें हुईं हैं। पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार राज्य में वर्ष 2019 में 2058 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। इनमें रांची में 189, धनबाद में 102, गिरिडीह में 135, हजारीबाग में 103, जमशेदपुर में 93, पलामू में 121, साहिबगंज में 85, दुमका में 72, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )में 122, बोकारो में 88, लातेहार में 66, जामताड़ा में 28, सरायकेला में 64, सिमडेगा में 54, रेल धनबाद में छह, रेल जमशेदपुर में चार, देवघर में 97, गोड्डा में 76, गुमला में 128, लोहरदगा में 33, चतरा में 67, गढ़वा में 138, कोडरमा में 37 खूंटी में 81, रामगढ़ में 36, और पाकुड़ में 33 शामिल है। वर्ष 2019 में सबसे अधिक हत्या की वारदात राजधानी रांची में हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2020 में 1996 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है।

**आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में अब तक पिछले चार वर्षों की तुलना में हत्या की वारदात कम हुई है**